CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 286 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 11 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा अध्यादेश : चुनाव में दो बच्चों की शर्त होगी खत्म

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार एक बहुत ही महत्वपूर्ण अध्यादेश ला रही है जिसमें प्रदेश में नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं में चुनाव लड़ने की दो बच्चों की शर्त को खत्म करने का विषय शामिल है। इसलिए यह अध्यादेश प्रदेश के उन नौजवान युवकों के लिए काफी फायदेमंद होगा जो दो से ज्यादा बच्चे होने की वजह से चुनाव नहीं लड़ पा रहे थे। लेकिन इस अध्यादेश के आने के बाद आगामी नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में जिनके दो बच्चों से ज्यादा बच्चे हैं वह भी चुनाव लड़ सकेंगे प्रदेश में आने वाले दिनों में पंचायत राज संस्थाओं और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं। हालांकि इससे पहले राजस्थान विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी आयोजित होगा जिस तरह से दिल्ली में संसद का 1 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और संसद का यह सत्र 19 दिसंबर तक संपादित होगा तो ऐसा माना जा रहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के बाद राजस्थान में भी विधानसभा का शीतकालीन सत्र संपादित हो सकता है। इसलिए आगामी शीतकालीन सत्र में दो बच्चों की बाध्यता को खत्म करने संबंधी विशेष अध्यादेश लाकर सरकार आगामी नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में प्रदेश के युवाओं को ज्यादा अवसर देने की ओर कार्य कर रही है जो कहीं ना कहीं प्रदेश की भजनलाल सरकार के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा । जानकार लोगों का कहना है कि अगर सरकार यह अध्यादेश लाती है तो निश्चित रूप से प्रदेश के लोग सरकार के इस निर्णय को लेकर काफी खुश होंगे और इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में भी मिल सकता है। खासतौर से प्रदेश के युवा इस फैसले से काफी प्रभावित और खुश होंगे राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में शादियां जल्दी हो जाती हैं इसलिए बच्चे भी जल्दी हो जाते हैं लेकिन पंचायत राज संस्थाओं में दो बच्चों की शर्त के लागू की शर्त के लागू होने की वजह की शर्त के लागू होने की वजह सेदो की शर्त के लागू होने की वजह सेदो की शर्त के लागू होने की वजह से दोबच्चों के शर्ट होने की बाध्यता की वजह से बहुत से होनहार युवक पंचायत राज संस्थाओं का चुनाव नहीं लड़ पा रहे थे इसलिए उनके पॉलीटिकल करियर को एक तरह से ब्रेक सा लगा हुआ था लेकिन इस अध्यादेश से अब उनके पॉलीटिकल करियर को भी गति मिलेगी और वह पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव लड़कर खुद के पोलिटिकल कैरियर को भी गति दे पाएंगे सरकार पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में दो बच्चों की बाध्यता को खत्म करने को लेकर पूरा मन बना चुकी है और अध्यादेश की तैयारी भी सरकारी स्तर पर शुरू हो गई है। इस संदर्भ में पिछले दिनों प्रदेश के यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा ने भी कहा था कि सरकार पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में दो बच्चों की बाध्यता को खत्म करने के बारे में गंभीरता से विचार कर रही है इसके लिए सभी से सामूहिक चर्चा भी की जा रही है और फिर निर्णय लिया जाएगा लेकिन यह तय है कि सरकार अब पूरी तरह से दो बच्चों की बाध्यता को समाप्त करने का मन बना चुकी है ।

## पहाड़ों से निकलकर मैदानों में ठिकाना बनाने की फिराक में आतंकी, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

जयपुर टाइम्स

**जम्मू (एजेंसी)** सर्द मौसम में पारा गिरने के साथ ही ऊपरी पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छिपे आतंकी निचले क्षेत्रों में अपना ठिकाना खोजने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ऊपरी ठंडे इलाकों में आतंकियों के लिए छिपना आसान नहीं रहेगा। इसलिए वह मैदानी क्षेत्रों में आने के लिए अपने मददगारों से संपर्क कर रहे हैं। सुरक्षाबल सतर्क हैं और आतंकियों के इसी मंसूबे को ध्वस्त करने के लिए पूरे जम्मू संभाग में व्यापक छापे एवं तलाशी अभियान चलाए गए हैं। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने कहा कि आतंकवादी संगठनों के स्थानीय समर्थन नेटवर्क की पहचान के लिए चल रही तलाशी में मारे गए आतंकवादियों, आत्मसर्मण कर चुके आतंकियों समेत संदिग्धों के घरों को भी खंगाला जा रहा है। स्थानीय युवाओं को निशाना बनाने वाले संभावित स्लीपर सेल और ऑनलाइन प्रचारकों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस आतंकवादी गतिविधियों में सहायता या उन्हें बढ़ावा देने में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रखेगी। रामबन के एसएसपी अरुण गुप्ता ने कहा कि ऐसे अभियान हमारी निवारक और खुफिया-आधारित कार्यवाहियों का हिस्सा हैं। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि पुलिस व सुरक्षाबलों की विभिन्न



टीमों ने संदिग्धों के परिसरों की गहन जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं कोई राष्ट्रविरोधी या अवैध गतिविधि तो नहीं चल रही है। इसी तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे कानून प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग करें और अपने क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी साझा करें। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## भजनलाल और वसुंधरा राजे के राजनीतिक रिश्ते की डोर हुई मजबूत

### प्रदेश भाजपा के छोटे बड़े सभी नेताओं के चेहरे खिले, पार्टी के संगठन को भी मिलेगी गति

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में अंता विधानसभा सीट पर भाजपा को जीत मिलेगी या नहीं यह तो 14 नवंबर को पता चलेगा लेकिन इस चुनाव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के राजनीतिक रिश्ते की डोर को काफी मजबूत कर दिया है । यह डोर अब इतनी मजबूत हो गई है कि ना तो इस डोर में अब कहीं गांठ दिखाई देगी और ना ही यह डोर टूटने वाली है क्योंकि अंता विधानसभा क्षेत्र में पिछले दो रोड शो में इन दोनों ही नेताओं ने एक दूसरे के प्रति जो आदर भाव और सम्मान दिखाया वह काफी अद्भुत था । दोनों ही नेताओं के बीच आपस में जो ट्यूनिंग थी वह भी काफी लाजवाब थी इसलिए विजय रथ पर सवार इन दोनों नेताओं में एक क्षण के लिए भी ऐसा देखने को नहीं मिला कि इन दोनों के बीच कोई नाराजी है। इसलिए इन दोनों नेताओं के आपस के समन्वय और तालमेल को देखकर भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं के चेहरों पर भी खुशी छा गई है । क्योंकि कई बार ऐसी चर्चाएं सुनने को मिली कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को वसुंधरा राजे का पूरी तरह से आशीर्वाद नहीं मिल पा रहा है और वसुंधरा राजे कहीं ना कहीं नाराज है लेकिन इन खबरों को और इन चर्चाओं को खुद वसुंधरा राजे ने ही अंता विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के लिए आयोजित किए गए रोड शो में भजनलाल शर्मा की दिल खोलकर तारीफ करके विराम लगा दिया और बदले में भजनलाल शर्मा ने भी वसुंधरा राजे की रोड शो में खूब तारीफ की इसलिए प्रदेश में विरोधी दल के वे नेता जो अक्सर वसुंधरा राजे के नाराज होने की बात मीडिया में कहा करते थे। अब उनकी जुबान को भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे इन दोनों नेताओं ने ही ताला लगा दिया है जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही भजनलाल शर्मा कई महत्वपूर्ण बातों को लेकर वसुंधरा राजे से बातचीत करते हैं उनके आवास पर भी जाते हैं उनसे मुलाकात करते हैं अंता विधानसभा क्षेत्र में भी उम्मीदवार के चयन के लिए भजनलाल खुद वसुंधरा राजे के आवास पर गए और उनसे बातचीत की और उन्हीं की पसंद के व्यक्ति को टिकट भी दिया । इसलिए भजनलाल शर्मा अपनी ओर से वसुंधरा राजे का रिस्पेक्ट करने में कभी भी कमी नहीं रखते और हमेशा उन्हें पूरा सम्मान देते हैं यही वजह है कि वसुंधरा राजे जो शुरू-शुरू में कहीं ना कहीं नाराज नजर आती थी लेकिन पिछले आठ नौ महीने से वसुंधरा राजे ने भी खुद को काफी हद तक बदल लिया है और भजनलाल शर्मा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रदेश में सत्ता और संगठन को मजबूती देने के कार्य में जुटी हुई है इसलिए प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी यह चर्चा होने लगी है कि अब इन दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक रिश्ते की डोर मजबूत हो चुकी है जिसका टूटना नामुमकिन है ।

## हमारे स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म भरोसेमंद और सक्षम, राजनाथ बोले- ऑपरेशन सिंदूर में इनकी शानदार भूमिका



नई दिल्ली

**(एंजेसी)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश ने वर्ष 2024-25 में 1.51 लाख करोड़ का रक्षा उत्पादन हासिल किया है, जिसमें रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 71.6 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि ये सभी 16 डीपीएसयू भारत की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ हैं। राजनाथ सिंह सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में 16 डीपीएसयू के प्रदर्शन की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'हमारे सभी डीपीएसयू देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत आधार हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में उनकी शानदार भूमिका इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्वदेशी रक्षा प्लेटफॉर्म भरोसेमंद और सक्षम हैं।' रक्षा मंत्री ने दक्षिण दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में बने नए डीपीएसयू भवन का उद्घाटन भी किया। उन्होंने डीपीएसयू को रक्षा उत्पादन में लगातार योगदान देने और 'मेक इन इंडिया' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए सराहा। राजनाथ सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत का रक्षा उत्पादन ?1.51 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जिसमें डीपीएसयू का हिस्सा सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है, जो इस बात का संकेत है कि 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को वैश्विक स्तर पर सम्मान और भरोसा मिल रहा है। रक्षा मंत्री ने डीपीएसयू से आग्रह किया कि वे तेजी से स्वदेशी तकनीक के विकास, अनुसंधान और नवाचार, उत्पाद गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने पर ध्यान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि हर डीपीएसयू अपनी आरएंडडी और स्वदेशीकरण की रूपरेखा तय करे और अगली समीक्षा बैठक में सटीक लक्ष्य और माइलस्टोन प्रस्तुत करे। राजनाथ सिंह ने भरोसा दिलाया कि सरकार डीपीएसयू को हर आवश्यक मदद समय पर देगी। कार्यक्रम के दौरान तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। इसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) के आधुनिकीकरण में सहयोग के लिए समझौते किए। वहीं एचएएल ने वाईआईएल को ?435 करोड़ का ब्याज-मुक्त अग्रिम सहयोग देने का वादा किया।

## फलोदी हादसाः सुप्रीम कोर्ट ने भजनलाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलौदी में हुए दिल दहलाने वाले सड़क हादसे पर अपने आप संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इस हादसे में तीर्थ यात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर एक खड़े ट्रक से टकरा गया था जिसमें 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे । सोमवार को न्यायाधीश जीके माहेश्वरी और न्यायाधीश विजय बिश्नोई पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए इसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती दुर्घटनाओं का गंभीर संकेत बताया सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश देते हुए दो सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है रिपोर्ट में राजस्थान के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित होटल ढाबे और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की पूरी सूची उनकी लोकेशन और कानूनी स्थिति का विवरण शामिल करना होगा खास तौर पर उन ढाबों पर फोकस करने को कहा गया है। जो बिना किसी अधिसूचित सुविधा केंद्र के राजमार्ग किनारे अवैध रूप से खड़े हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि टोल वसूलने के बावजूद सड़कों की हालत क्यों खराब है और इन अवैध ढाबे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं । सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पक्षकार बनाते हुए उनसे भी अलग से स्थिति रिपोर्ट मांगी है राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार पूर्ण सहयोग करेगी और सड़क सुरक्षा के इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर हर संभव मदद करेगी कोर्ट ने वरिष्ठ अधिवक्ता ए एस नादकर्णी को न्याय मित्र नियुक्त किया है जो मामले में तकनीकी और कानूनी सुझाव देंगे सिर्फ सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ फलोदी हद से तक खुद को सीमित नहीं रखा। पीठ ने आंध्र प्रदेश के श्री कड़ाकुलम जिले में हाल ही में हुई एक अन्य भयानक सड़क दुर्घटना का भी संज्ञान लिया जिसमें कई लोगों की जान गई थी साथ ही हैदराबाद बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई बस दुर्घटना का जिक्र करते हुए जिसमें 19 यात्रियों की मौत हुई थी। कोर्ट ने कहा कि यह घटनाएं बता रही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा का कोई समन्वित और प्रभावित तंत्र नहीं है इसलिए आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव को भी पक्षकार बनाया गया है ताकि दोनों राज्यों के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय स्तर की नीति बनाई जा सके।


## लालकिले के पास धमाके में नौ की मौत, मुंबई-दिल्ली से यूपी तक अलर्ट

जयपुर टाइम्स









**नई दिल्ली(एंजेसी)** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार को एक कार में बड़ा धमाका हुआ। धमाका इतना भीषण था कि एक-एक कर कुल छह से ज्यादा गाड़ियां इस धमाके की चपेट में आ गईं। पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। खबर लिखे जाने तक की जानकारी के अनुसार धमाके में नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, करीब 47 लोग घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर दमकल की कुल सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम भी मौके पर जांच कर रही है। विस्फोट के बाद दिल्ली-मुंबई और यूपी में अलर्ट जारी कर दिया गया है। घटना के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात की और पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली। इस बीच एनएसजी, एनआईए और फोरेंसिक विभाग की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाने में लगी हैं। गृह मंत्री आईबी निदेशक के साथ लगातार संपर्क में हैं और हालात की निगरानी खुद कर रहे हैं। विस्फोट के बाद चश्मदीदों का कहना है कि धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के घर हिल गए और नजदीकी दुकानों की खिड़कियां चकनाचूर हो गईं। मौके पर अफरातफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। हम कुछ समझ पाते उससे पहले ही वह कार और उसके पास खड़ी गाड़ियां आग के गोले में तब्दील हो गईं। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद राहत कार्य शुरू हुआ। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने बताया कि शाम करीब छह बजकर 52 मिनट पर एक धीमी गति से चल रही गाड़ी रेड लाइट पर रुकी, तभी उसमें अचानक विस्फोट हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी थी कि आसपास खड़ी कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं। इस हादसे में कुछ लोगों की मौत हुई है, जबकि कई घायल हैं।

धमाका इतना तेज था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ ही नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी। आस-पास खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।' धमाके के बाद स्थानीय निवासी राजधर पांडे ने बताया, 'मैंने अपने घर से आग की लपटें देखीं और फिर नीचे आकर देखा कि क्या हुआ है। ज़ोरदार धमाका हुआ। मैं पास में ही रहता हूं।' बता दें कि लाल किला क्षेत्र दिल्ली के सबसे ज्यादा व्यस्त और घनी आबादी वाले इलाके में शामिल है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के अनुसार, लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में विस्फोट की सूचना मिली, जिसके बाद आसपास खड़ी तीन से चार गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं और



### दिल्ली में हाई अलर्ट

दिल्ली में पुलिस ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, सात दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, "मैं गुरुद्वारे में था जब मैंने एक तेज आवाज सुनी। हम समझ नहीं पाए कि वह क्या थी, वह इतनी तेज थी।" उन्होंने आगे कहा, "आस-पास की कई गाड़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।"

### कई मीटर दूर खड़े वाहनों की टूटी खिड़कियां

विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इससे कई मीटर दूर खड़े वाहनों की खिड़कियां टूट गईं और भीड़भाड़ वाले इलाके की आसपास की इमारतों में भी इसकी आवाज सुनी गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "विस्फोट लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास खड़ी एक कार में हुआ। इसकी तीव्रता काफी अधिक थी।"

## वन राज्यमंत्री ने किया एक्स-रे मशीन का लोकार्पण

### स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार, मरीजों के इलाज में होगी सहूलियत -वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने विश्व शांति एवं विज्ञान दिवस के अवसर पर सोमवार को प्रज्ञा जन अभियान (अखिल विश्व गायत्री परिवार), उत्त्कृष्टार्थ जागृत सत्यजन अभियान (उजास) तथा ग्राम रावणदेवरा समग्र विकास समिति अलवर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सामान्य चिकित्सालय के दंत विभाग में स्थापित लगभग दो लाख रुपए लागत की अत्याधुनिक आरवीजी एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य और विज्ञान का समन्वय ही समाज के सतत विकास का आधार है। जब समाज सेवा और विज्ञान एक साथ आते हैं, तो देश के हर नागरिक को बेहतर सुविधा मिलती है। उन्होंने भामाशाहों और गायत्री परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से सरकारी अस्पतालों की सेवाएं और सशक्त बनेंगी। उन्होंने कहा कि यह एक्स-रे मशीन जिला अस्पताल के दंत विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ मरीजों की सुविधाओं में विस्तार करेगी। इस दौरान प्रबुद्ध व्यक्ति, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## डीएलएसए, अलवर द्वारा केंद्रीय कारागृह का निरीक्षणः बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता सुनिश्चित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** न्याय की पहुँच को सुगम बनाने के उद्देश्य से, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के नवंबर 2025 के एक्शन प्लान के निर्देशों के मुताबिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), अलवर द्वारा केंद्रीय कारागृह, अलवर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अनंत भंडारी, अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), डीएलएसए, अलवर के निर्देशानुसार, मोहनलाल सोनी, सचिव, डीएलएसए, अलवर के नेतृत्व में पैनल एडवोकेट एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (LADCS) की टीम ने किया। निरीक्षण दल ने कारागृह में उपस्थित बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के तहत नालसा द्वारा प्रदत्त LADCS की सेवाओं की उपलब्धता की जाँच की। साथ ही, कारागृह में साफ़-सफ़ाई, भोजन संबंधी व्यवस्थाओं, और बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों के तहत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई। बंदियों की मेडिकल संबंधी समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त की गई और कारागृह प्रशासन को उनके समाधान हेतु उचित निर्देश दिए गए। टीम ने कारागृह में मौजूद कैजुअल ऑफेंडर्स से संवाद किया। जिन बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता थी, उनके आवेदन पत्र मौके पर ही भरवाए गए। इसके अतिरिक्त, कारागृह में मौजूद डिटेंशन सेंटर में विदेशी एवं महिला बंदियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय मौके पर कुल 1178 बंदी उपस्थित पाए गए। डीएलएसए, अलवर न्याय की समान और सुगम पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डीएमएफटी की गर्वेनिंग काउंसिल की 8वीं बैठक हुई आयोजित

### 36.79 करोड रूपये के 162 प्रस्तावों को सर्वसहमति से अनुमति पश्चात राज्य सरकार को भेजने की कि गई अनुशंषा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) की गर्वेनिंग काउंसिल की 8वीं बैठक सोमवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई, जिसमें 36.79 करोड रूपये के 162 प्रस्तावों को सर्वसहमति से अनुमति पश्चात राज्य सरकार को भेजने की अनुशंषा की गई। इस दौरान केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, भरतपुर सांसद संजना जाटव, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, थानागाजी विधायक कान्ती प्रसाद मीणा मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने बताया कि डीएमएफटी गर्विनिंग काउंसिल खनन प्रभावित व्यक्तियों एवं क्षेत्रों के लाभ के लिए विकास कार्यों का निर्णय करती है, जिसके तहत कुल 36.79 करोड रूपये के 162 प्रस्तावों की सर्वसहमति से अनुमति प्रदान की गई, जिसमें मुख्यतः 8 करोड की लागत के जिला शिशु चिकित्सालय उन्नयन कार्य, परबैणी में 4.5 करोड की लागत के आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण कार्य, राजगढ में 2.99 करोड की लागत के पेयजल आपूर्ति कार्य, 9.31 करोड की लागत के विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण व मरम्मत के 74 कार्य, 2.80 करोड की लागत की 37 ई-लाइब्रेरी निर्माण कार्य एवं 19 सडक निर्माण कार्य सहित अन्य कार्यों की अनुमति प्रदान कर राज्य सरकार को अनुशंषा हेतु भेजा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, खनि अभियन्ता मनोज शर्मा, डीएफओ अलवर राजेन्द्र सिंह हुड्डा, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आर.एस बंसल, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कलाल महासभा मेवाड़ का प्रथम महाअधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**उदयपुर(निसं.)।** कलाल महासभा मेवाड़ की ओर से बेड़वास स्थित सतनाम वाटिका में राजस्थान का प्रथम महा अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें देश और विदेश से समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल द्वारा अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा की मुख्य कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. राजा चौधरी व युवा कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। साथ ही समाज की एकता, अखंडता तथा उन्नति के लिए मिलकर कार्य करने का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक अनुपमा जायसवाल रहीं। साथ ही संरक्षक अशोक जायसवाल, राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र राय, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल (बड़ौदा), पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल (पिपरिया), संरक्षक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चौधरी, किरण टांक, राणा जायसवाल, जगदीश पुरबिया, लोकेश चौधरी, भेरूलाल कलाल, कन्हैयालाल पारेता, उत्तमचंद चौधरी, शिवचरण हाडा, माया सुवालका, राजपाल सिंह जायसवाल, कमल किशोर जायसवाल, जी एन जायसवाल, हरिश्चंद्र कलाल, रामस्वरूप मेवाड़ा, राजाराम शिवहरे (भोपाल), गणेश जायसवाल (भोपाल), उद्योगपति राजा चौधरी (भूटान) सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने समाज को एकजुट होकर संगठित शक्ति के रूप में आगे बढ़ने और आगामी जातिगत जनगणना में 'कलाल' नाम के प्रभावी उपयोग की अपील की। वहीं वीरेंद्र राय ने समाज के पारंपरिक व्यवसाय को आधार मानकर आरक्षण प्रदान करने की मांग रखी।

समाजसेवी हरिश्चंद्र कलाल ने राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजा चौधरी एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हसमुख पटेल सहित करीब 10 पदाधिकारीयो को शौर्य प्रतीक चिन्ह के रूप में तलवार एवं आयोजन में पधारे सभी स्वजातीय बंधुओ को भगवान सांवरिया सेठ की प्रतिमा भेंट की

अधिवेशन में भामाशाहों के सहयोग से मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं में आगे बढ़ाने हेतु विशेष फंड स्थापित करने की घोषणा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संख्या बल के बावजूद समाज की राजनीतिक भागीदारी अपेक्षाकृत कम है, इसलिए आगामी चुनावों में समाज के प्रत्याशियों को समर्थन देने का आह्वान किया गया। इस दौरान युवाओं ने राज्य की तर्ज पर केंद्र की नौकरियों में स्थान देने की पुरजोर मांग उठाई।

महाअधिवेशन में कलाल समाज के सभी वर्गों का व्यापक प्रतिनिधित्व रहा। कार्यक्रम का संचालन सूर्यप्रकाश सुहालका एवं मोनिका चौधरी ने किया।

# केन्द्रीय विद्यालय स्थापना की मांग तेज

### राजगढ़ आवाज मंच ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** उपखण्ड राजगढ़ के लिए वर्षों पूर्व स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना भूमि आवंटन के अभाव में अटकी हुई है। हाल ही में विद्यालय को रैणी तहसील के दलालपुरा स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होने की खबर से क्षेत्र में निराशा और जनाक्रोश फैल गया। इसी को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने "राजगढ़ आवाज मंच" का गठन कर सोमवार को एसडीएम को कलेक्टर अलवर के नाम ज्ञापन सौपा और बताया कि मंच ने राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में उपलब्ध खसरा संख्या 1152, 1153 और 4717/1285 को केन्द्रीय विद्यालय के लिए सर्वश्रेष्ठ भूमि बताया। लगभग 10 बीघा का यह संयुक्त परिसर कन्या महाविद्यालय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित होने से शिक्षा हब विकसित होने की संभावना जताई गई। मंच ने कहा कि पूर्व में इसी खाते से सरकारी विद्यालयों व महाविद्यालय को भूमि आवंटित हो चुकी है, इसलिए शेष भूमि के आवंटन में कोई बाधा नहीं है विकल्प स्वरूप मंच ने कृषि उपज मंडी राजगढ़ के नाम दर्ज 4.26 हैक्टेयर अनुपयोगी भूमि को भी केन्द्रीय विद्यालय के लिए उपयुक्त बताया मंच ने मांग की कि स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय हर हाल में राजगढ़ उपखण्ड मुख्यालय पर ही स्थापित किया जाए, ताकि पिछड़े क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सके।

## राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू की क्रियान्विति की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजार(निसं.)।।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल में राइजिंग राजस्थान के तहत जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट के दौरान किए गए एमओयू की प्रगति की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत किये एमओयू के तहत भूमि संबंधित प्रकरण, कनवर्जन, विद्युत आपूर्ति एवं एनओसी के कार्यों का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निवेशक से बेहतर समन्वय करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें एवं समयबद्ध कार्य प्रारंभ करवाने के प्रयास करें। उन्होंने संबंधित विभाग से एमओयू की वन टू वन संपर्क कर कैटेगरी ए, बी, सी, माइल स्टोन - 1,2,3,4,5, और टास्क असाइन संबंधित अपडेट राजनिवेश पोर्टल पर करने के निर्देश दिए और एमओयू धारक को आवश्यक भूमि के लिए संबंधित क्षेत्र एवं विभाग में नियमानुसार आवेदन कराने के लिए जागरूक करने को कहा। उन्होंने कहा कि भू-रूपांतरण, सीएलयू पेंडेंसी, का शीघ्र निस्तारण करते हुए भूमि विजिट एवं आवंटन संबंधी प्रगति भी पोर्टल पर अपडेट करें। डिआइओ दिलखुश मीणा ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभागवार प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान मंडी उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग अजीत बाल्यांण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, सेक्रेटरी राजेश कर्दम, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक रीको यूनिट प्रथम शिवकुमार, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, अभियंता विद्युत विभाग भीम सिंह साहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की कि हौंसला-अफजाई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने जीवनधारा ब्लड बैंक में वाजिद खान के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तवीरों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऐसे आयोजनों में निरन्तर बढती भूमिका विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्रा की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी।

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अपने निवास स्थान 201 रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण करे निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई में आए पेयजल, विद्युत, सडक, पुलिस आदि की परिवेदनाएं लेकर आए फरियादियों की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फरियादियों की समस्याओं का निराकरण होने पर उन्हें सूचित कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन को मूलभूत समस्याओं की प्राथमिकता से सुनवाई करें।

## *केंद्रीय वन मंत्री ने ली अलवर शहर की पेयजल, स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण के संबंध में समीक्षा बैठक*

### शहर को स्वच्छ, सुन्दर व पेयजल आत्मनिर्भर बनाने के लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता - केंद्रीय मंत्री यादव

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, स्वच्छता अभियान एवं उद्यान सौन्दर्यकरण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर शहर की पेयजल वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देशित किया कि अलवर शहर के नागरिकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए 95 एमएलडी पानी की आवश्यकता के विरूद्ध उपलब्ध पेयजल 30 एमएलडी से वृद्धि कर 40 एमएलडी की पानी की उपलब्धता गई है। उन्होंने निर्देश दिये कि ईआरसीपी व चम्बल पेयजल परियोजना से जलापूर्ति होने तक शेष गैप की पूर्ति के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत 46 एमएलडी पेयजल की कार्ययोजना तैयार की गई है। उस पर गंभीरता से कार्य करते हुए आगामी ग्रीष्म ऋतु से पूर्व उसे धरातल पर लाएं। साथ ही अवैध नल कनेक्शनों को काटने के साथ ही संबंधित व्यक्ति के विद्धरू सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिये कि शहर की पेयजल व्यवस्था की बेहतर रूपरेखा तैयार करने हेतु पेयजल पाइपलाइन व्यवस्था का सम्पूर्ण नक्शा तैयार करें। शहर में प्रताप बांध, भूरासिद्ध, जरख वाला, माटिया कुंड, खुदनपुरी जोहड, सेठ की बावडी जैसे अन्य छोटे एनीकट कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कहा कि अलवर शहर को देश में स्वच्छता सर्वेक्षण में 54वां एवं स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु जनजागरूकता के साथ स्वच्छता के सभी पैरामीटर्स पर और बेहतर कार्य करते हुए देश के टॉप 10 शहरों में स्थान प्राप्त करने हेतु अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ समन्वित प्रयास करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उन्होंने निर्देश दिये कि सागर व लालडिग्गी जलाशय में भूतल की साफ-सफाई कर भूजल रिचार्ज के दृष्टिगत संरचना का निर्माण करें। उन्होंने ऑटो टिपर के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं कचरा पृथक्ककरण व्यवस्था की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि कचरे का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित कर सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को यथाशीघ्र प्रारम्भ कर कचरे का समुचित निस्तारण करावे। उन्होंने कहा कि घरेलू अनउपयोगी सामग्री को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति को उपलब्ध कराने हेतु आमजन को प्रेरित करें।

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं एनएफएसए योजना, कुसुम योजना घटक बी एवं सी, संशोधित वितरण क्षेत्र योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वस्थ और अवसंरचना मिशन, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, अटल ज्ञान केंद्र, मुख्यमंत्री शिक्षित भारत राजस्थान अभियान, अटल प्रगति पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मिशन हरियालो राजस्थान, जल जीवन मिशन, अमृत योजना, पांच गौरव योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्ति गांव योजना, नमो ड्रोन दीदी, सोलर दीदी, लखपति दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी एवं पशु सखी से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सभी विभागों के अधिकारियों को जिले में दिए गए लक्ष्य अनुरूप प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति कम है वह सभी अधिकारी फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देकर प्रगति को बढ़ाने का कार्य करें, आगामी बैठक में योजनाओं की प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नगर परिषद खैरथल के आयुक्त को जिले की सभी नगर निकायों में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं को समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं की प्रगति हेतु उच्च स्तर पर नियमित फॉलो अप करने के निर्देश भी दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमीवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद गेट, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग भीम सिंह, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# युवा पीढ़ी को पुलिसिंग से जोड़ने की पहल

### राजस्थान पुलिस-इंडिया पुलिस फाउंडेशन द्वारा स्कूली विद्यार्थियों के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान पुलिस ने इंडिया पुलिस फाउंडेशन (आईपीएफ) के सहयोग से स्कूली विद्यार्थियों को पुलिसिंग की भूमिका और सामुदायिक सुरक्षा के सरोकारों से रूबरू कराने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कम्यूनिटी पुलिसिंग) लता मनोज कुमार के निर्देशन में, मुख्य प्रबंधक आईपीएफ पूनम अरोड़ा और सेवानिवृत्त आईपीएस विमला मेहरा के मार्गदर्शन में यह पहल कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर आरंभ हुई। कार्यक्रम का आगाज़ जयपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र के दो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों–लक्ष्मण डूंगरी, गलतागेट और एस.के.एन. विद्यालय, जोबनेर– में किया गया है। कम्यूनिटी पुलिसिंग के नोडल अधिकारी पंकज चौधरी, आईपीएस ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षा जागरूकता, अपराध-निवारण की समझ और सामुदायिक कल्याण में पुलिस की बहुआयामी भूमिका के प्रति भरोसा व सहभागिता बढ़ाना है। साथ ही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और महिलाओं, बुजुर्गों तथा बच्चों जैसे संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना भी लक्ष्य है। कार्यक्रम के तहत लक्ष्मण डूंगरी विद्यालय में 10 से 12 नवंबर तथा एस.के.एन. विद्यालय, जोबनेर में 13 से 15 नवंबर तक विशेष सत्र आयोजित होंगे। इन सत्रों में देश के ख्यात सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारी गेस्ट फैकल्टी के रूप में मार्गदर्शन देंगे। सेवानिवृत्त डीजीपी ओमप्रकाश और अमोद कंठ "न्याय" एवं "किशोर गृह" जैसे विषयों पर प्रकाश डालेंगे। यूनिसेफ राजस्थान के प्रतिनिधि बाल अधिकारों पर चर्चा करेंगे, जबकि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (यातायात) साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों पर मार्गदर्शन देंगे। एसएफएल, जयपुर के विशेषज्ञ फॉरेंसिक विज्ञान की उपयोगिता समझाएंगे। नगर निगम और एसडीआरएफ टीमें अग्निशमन व आपदा प्रबंधन पर व्यावहारिक जानकारी देंगी। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण नोडल अधिकारी पंकज चौधरी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम मीना,नरेश कुमार शर्मा और संजय कुमार शर्मा द्वारा किया जा रहा है। सैद्धांतिक सत्रों के साथ विद्यार्थियों को पुलिस थाने और अग्निशमन केंद्र का भ्रमण भी कराया जाएगा, ताकि वे संस्थागत कार्यप्रणाली को निकट से समझ सकें। आयोजकों के अनुसार, यह पहल विद्यार्थियों में सकारात्मक पुलिस-जन संवाद, नागरिक जिम्मेदारी और सुरक्षित समुदाय की भावना को सुदृढ़ करेगी।

## ऊर्जा विभाग-CSEP के बीच एमओयू, विद्युत क्षेत्र में डेटा-आधारित नीति निर्माण को गति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान-आधारित निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ऊर्जा विभाग ने सोमवार को विद्युत भवन, जयपुर में CSEP (सीएसईपी) रिसर्च फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसी) के वरिष्ठ अधिकारी और CSEP के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि यह सहयोग राज्य के बिजली क्षेत्र के लिए बेहतर रणनीतियों के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उनके अनुसार, डेटा-आधारित अनुसंधान और विश्लेषण के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण, रूफटॉप सोलर के मूल्य निर्धारण, तथा हरित ऊर्जा प्रणाली में संक्रमण जैसे उभरते मुद्दों का अधिक प्रभावी समाधान तलाशने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हितों और डिस्कॉम की वित्तीय स्थिरता के बीच संतुलन बनाते हुए नीति-निर्माण इस साझेदारी का केंद्रीय उद्देश्य रहेगा। कार्यक्रम में आरआरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, डिस्कॉम्स की अध्यक्ष आरती डोगरा तथा ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एमओयू पर ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव सौरभ स्वामी और CSEP के वरिष्ठ फेलो राहुल टोंगिया ने हस्ताक्षर किए। राहुल टोंगिया ने प्रस्तुति के माध्यम से CSEP द्वारा क्लीन एनर्जी, सतत विकास और कार्बन ट्रैकिंग के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान जैसे अग्रणी नवीकरणीय ऊर्जा राज्य में तटस्थ, साक्ष्य-आधारित शोध से नीतिगत निर्णय और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनेंगे। समझौते के अंतर्गत प्रमुख कार्यक्षेत्रों में–(1) उपभोक्ता लाभ और डिस्कॉम स्थिरता के बीच संतुलन स्थापित करने वाले विकेन्द्रीकृत सौर ढांचे का विकास, (2) पर्यावरणीय दृष्टि से जिम्मेदार और लागत-प्रभावी विद्युत क्रय रणनीतियों को प्रोत्साहन, और (3) हरित ऊर्जा, विद्युत वाहन, ऊर्जा भंडारण तथा स्मार्ट ग्रिड जैसी उभरती तकनीकों के वित्तीय व नीतिगत प्रभावों का सूक्ष्म उपभोक्ता स्तर तक अध्ययन–शामिल हैं। आयोजकों के अनुसार, यह साझेदारी संयुक्त अध्ययन, तकनीकी परामर्श तथा क्षमता-वृद्धि के जरिए राज्य की ऊर्जा नीतियों को अधिक भविष्योन्मुख, टिकाऊ और उपभोक्ता-केंद्रित बनाने में मदद करेगी।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष - आबकारी विभाग में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने का लिया संकल्प



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को आबकारी विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने का संकल्प लिया गया। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" देश की आत्मा है। स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम के महत्व से हम सभी परिचित है, वर्तमान परिदृश्य में सभी को राष्ट्रीयता का भाव रखते हुए स्वदेशी को प्रोत्साहन देते हुए सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। आबकारी भवन के सभागार में अतिरिक्त आबकारी आयुक्त 'प्रशासन' ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त 'पॉलिसी' प्रदीप सिंह सांगावत के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 गौरवशाली वर्ष, स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सैनानियों के योगदान एवं शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रहित में स्वदेशी का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" का सामूहिक गान भी किया गया।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा प्रदेशभर में चलाएगी: मिथिलेश गौतम

### अटल पथ और नमो पथ पर जनजाति समाज के लोगों का हुआ चहुमुंखी विकास: नारायण मीणा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मिथिलेश गौतम ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता सैनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती देश–प्रदेश में मना रही है। बिरसा मुंडा ने 25 वर्ष की अल्पायु में भारत की स्वतंत्रता सामाजिक सुधार और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए महान बलिदान दिया था। बिरसा मुंडा ने न केवल अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया बल्कि जनजातीय समाज में समरसता स्वाभिमान और धर्मांतरण के विरोध का भी सशक्त आंदोलन चलाया। उन्होंने जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भाजपा हमेशा से राष्ट्रनायकों और अननोन हीरोज को सम्मान देने का कार्य करती आई है। उसी कड़ी में 9 से 15 नवम्बर तक प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें भगवान बिरसा मुंडा जी सहित सभी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 13, 14 और 15 नवम्बर को भाजपा जनजाति वर्ग के सैनानियों के स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के साथ दीपोत्सव मनाएगी। 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर डूंगरपुर में विशाल जनजाति सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम ने बताया कि जनजागरण अभियान के तहत टाउन हॉल मीटिंग निबंध प्रतियोगिताएं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं भाषण प्रतियोगिताएं सहित विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे। इनके माध्यम से युवाओं और समाज के सभी वर्गों को बिरसा मुंडा जी के जीवन दर्शन से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। भाजपा सरकार ने ही देश में सबसे पहले जनजातीय मंत्रालय की स्थापना की तथा जनजातीय आयोग का गठन किया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दीनदयाल उपाध्याय ज्योति योजना आदि के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा सड़क और विद्युत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। गौतम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा राणा पुंजा भील गोविंद गुरु जैसे वीरों के योगदान को अब इतिहास के सही परिप्रेक्ष्य में देश के समक्ष लाना भाजपा का कर्तव्य है। यही इस जनजागरण अभियान का मूल उद्देश्य है। भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा ने बताया कि देश की स्वतंत्रता के लिए जनजाति समाज के लोगों ने सबसे पहले अपने प्राणों की आहुतियां दी थी लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद बनने वाली सरकारों ने इन स्वतंत्रता सैनानियों के योगदान ,इनकी शौर्यगाथाए, इनकी राष्ट्र प्रेम की भावना, राष्ट्र के प्रति लगाव, त्याग, बलिदान को दरकिनार करते हुए इनको सिर्फ वोटबैंक मना गया। देश में अटल बिहारी जी ने इन वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए विशेष कार्य शुरू किए। इन वर्गों को समाज की मुख्य धारा में लाने का काम भाजपा ने किया। अटल पथ से लेकर नमो पथ पर इन वर्गों का विकास देखने को मिला है। मोदी सरकार ने जनजातीय मंत्रालय के बजट को 247 फीसदी बढ़ाने का काम किया। अब बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भाजपा जनजाति समाज के लोगों के इस बलिदान को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

## वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम : कांग्रेस का ध्वज वंदन कार्यक्रम कल, डोटासरा रहेंगे मौजूद


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा शासन में देश में लोकतंत्र के साथ किए जा रहे खिलवाड़ के खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है जिसके तहत् प्रदेशभर में इस अभियान के तहत् एकत्रित नागरिकों के हस्ताक्षर विधिवत् अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किए जाएंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान सम्पन्न होने पर कल प्रातः 11.00 बजे जैन तोतूका भवन, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर पर ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित होगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में हुए भीषण चुनावी घोटाले का पर्दाफाश किया और सभी के समक्ष यह उजागर किया कि भाजपा ने किस प्रकार हरियाणा सरकार और केन्द्र की सत्ता पर काबिज रहने के लिए छल और बेईमानी का सहारा लिया है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के लोकतंत्र तथा नागरिकों के मताधिकार पर व्यापक प्रहार किया है। जिसके विरूद्ध देशभर में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चला और राजस्थान प्रदेश में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में चले वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत् भाजपा के इस कृत्य के विरूद्ध जनमत प्राप्त करने हेतु लाखों नागरिकों के हस्ताक्षर कांग्रेस के अभियान के समर्थन में एकत्रित किए गए है। जिन्हें विधिवत् एवं समारोहपूर्वक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के तहत कल जैन तोतूका भवन, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर पर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। जिसमें विधायक, विधायक प्रत्याशी, सांसद, सांसद प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी तथा सभी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त समन्वयक शामिल रहेंगे। इस अवसर पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश में प्रारम्भ किए गए एसआईआर अभियान पर चर्चा की जाकर प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सभा में प्रदान किए जाएंगे। समारोह में ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र वेंटिलेटर सपोर्ट पर, अमेरिका से बेटियों को बुलाया गया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कांस.)।** हिंदी सिनेमा के महान और सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र को सांस लेने में तकलीफ की वजह से मुंबई के ब्रिज कैंडी अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है अमेरिका में मौजूद धर्मेंद्र की बेटियों को बुलाया गया है हालांकि कहा यह जा रहा है कि 89 साल के धर्मेंद्र को सांस संबंधी कठिनाई के चलते पहले भी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था इस तरह की समस्या उन्हें होती रहती है लेकिन जिस तरह से अमेरिका में रह रही उनकी बेटियों को बुलावा भेजा गया है उसे देखते हुए इस बार ऐसा कहा जा रहा है कि धर्मेंद्र की हालत नाजुक है हालांकि धर्मेंद्र के परिवार के किसी भी सदस्य ने अभी तक उनके हेल्थ बुलेटिन पर खबर लेकर जाने तक किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी लेकिन जो खबरें सामने आ रही है उसमें धर्मेंद्र का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने अगले 72 घंटे इस महान अभिनेता के लिए क्रिटिकल बता रहे हैं इसलिए भारत और दुनिया के कई मुल्कों में करोड़ों की तादाद में रह रहे प्रशंसकों के चेहरों पर उदासी छा गई है धर्मेंद्र राजस्थान में बीकानेर से 2004 में भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं और चुनाव जीत भी चुके हैं लेकिन अगले चुनाव में उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था हालांकि उनकी अभिनेत्री पत्नी ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी भारतीय जनता पार्टी से मथुरा से वर्तमान में सांसद हैं और भारतीय जनता पार्टी के संगठन में भी अच्छे पदों पर अपनी सेवाएं दी है। धर्मेंद्र एक ऐसे अभिनेता के रूप में माने जाते हैं जो हिंदुस्तान के ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में रहने वाले हर उम्र के लोगों में पिछले कई कई सालों से अपनी एक अलग पहचान बने हुए हैं धर्मेंद्र ने हिंदी फिल्म जगत को दर्जनों हिट फिल्में दी उन्होंने तरह-तरह के रोल निभाए और उनके हर रोल ने हिंदी फिल्म जगत में एक अलग इतिहास रचा इसलिए आज जब धर्मेंद्र हॉस्पिटल में है तो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में रह रहे उनके करोड़ों प्रशंसक उनके स्वस्थ होने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं।

## भाजपा का घोषणा पत्र बना छलावा; किसानों से किए वादों की याद दिलाई जूली ने

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा पर किसानों के साथ वादाखिलाफी पर सवाल उठाते हुए उसे अपने ही घोषणा पत्र की याद दिलाई है। जूली ने कहा है कि भाजपा ने किसानों से घोषणा पत्र में मूंगफली, मूंग, उड़द समेत कई दलहन और तिलहन की MSP पर खरीद व कोटा दोगुना करने की बात कही थी लेकिन दो साल बीतने के बाद भी यह सिर्फ कोरे वादे बने हुए हैं , उन्होंने कहा यह है चुनावी घोषणा पत्र की सच्चाई इनके घोषणा पत्र में पेज नंबर 20 पर ये कहा था कि हम प्रदेश में चना मूंग और उड़द जैसी दालों को एमएसपी पर खरीदेंगे और लक्ष्य को भी दुगुना करेंगे लेकिन हकीकत यह है कि पूरे प्रदेश के अंदर इसकी खरीद न के बराबर की जा रही है ,लक्ष्य दुगुना करने की बात करने वाले अब छुप गए हैं एमएसपी पर खरीद हो नहीं रही है। बीकानेर एवं जोधपुर संभाग की स्थिति का उल्लेख करते हुए नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि विशेष रूप से बात करें बीकानेर और जोधपुर संभाग की जहां इन फसलों की अधिक से अधिक खेती की जाती है वहां किसानों को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। दो साल का समय बीत चुका है और इन दो सालों में हमेशा यह हालात पैदा हुए हैं कि न मूंगफली को खरीदा है न इस प्रकार की इन फसलों को खरीदा है। ये झूठ का सौदा करते है,बार बार झूठ बोलते हैं और विशेष रूप से बजट के अंदर भी इन लोगों ने कहा था कि हम इसकी एमएसपी पर खरीद करेंगे। लेकिन आज यह लोग गायब हो गए हैं। जूली ने तीखा प्रहार किय उन्होंने सरकार पर बजट के दौरान भी एमएसपी पर खरीद का कहने और फिर वादे से मुकर जाने का आरोप लगाया है। भाजपा सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी का मुद्दा उठाते हुए जूली ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों से किया वादा भूलकर व्यापारियों के हित साधने में लगी है। किसान को टोकन नहीं मिलता है लेकिन व्यापारियों से मिलीभगत कर इनके अधिकारी टोकन जारी कर देते हैं। टीकाराम जूली ने अलवर के प्याज उत्पादक किसानों के आर्थिक संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध अलवर का प्याज आज किसानों के लिए चिंता का कारण बन गया है। उचित मूल्य न मिलने के कारण किसान अपनी लागत तक नहीं निकाल पा रहे हैं और आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्याज उत्पादक किसानों को भाव-अंतर सहायता दी जाए तथा निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## हैकर्स पूछते नहीं, अनुमान लगाते हैं- अनुमान असंभव बनाइए

**जयपुर(कासं.)।** देशभर के मुख्य सचिवों के तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में " साइबर सुरक्षा-उभरती चुनौतियां" विषय पर निर्णय लिया गया था कि आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए डिजिटल साक्षरता का प्रसार-प्रसार जमीनी स्तर पर किया जाए। राज्य के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं ने बताया कि इस सम्बंध में एडवाजरी जारी की गई है। इसमें पासवर्ड सुरक्षा के सम्बंध में महत्वपूर्ण सलाह दी गई है। एडवाइजरी के अनुसार पासवर्ड डिजिटल जीवन की चाबी है। यह ईमेल, बैंक खातों, सोशल मीडिया और कार्य से जुड़े डाटा की सुरक्षा करता है। यदि कोई आपका पासवर्ड चुरा लेता है तो वह आपकी पहचान, धन या गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग कर सकता है। लंबा पासवर्ड रखें, कम से कम 12 से 16 अक्षरों का पासवर्ड बनाए। इसमें केपिटल और स्माल अक्षर, अंक और प्रतीक मिलाएं । आसान अनुमान लगाने योग्य शब्दों से बचें। अपना नाम, जन्मदिन, मोबाइल नंबर या पासवर्ड में 123 जैसे सामान्य व अनुमान लगाने लायक अंक का प्रयोग न करें। सलाह के अनुसार हर खाते के लिए अलग पासवर्ड रखें, एक ही पासवर्ड कई जगह इस्तेमाल न करें। सुरक्षित रूप से पासवर्ड सहेजने और प्रबंधित करने के लिए पासवर्ड मैनेजर टूल्स का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से पासवर्ड बदलें, समय-समय पर अपने पासवर्ड अपडेट करते रहें। लिखने पर सावधानी रखें यदि पासवर्ड कहीं लिखा हो, तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें, कंप्यूटर या कार्यस्थल के पास नहीं। कभी भी पासवर्ड साझा न करें। अपना पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, चाहे वह सहकर्मी हो या तकनीकी सहायता कर्मचारी।

**फिशिंग से बचें-**

फिशिंग तब होता है जब कोई विश्वसनीय व्यक्ति या कंपनी बनकर आपका विश्वास जीतकर आपकी व्यक्तिगत जानकारी (पासवर्ड, बैंक विवरण, या ओटीपी) हासिल करने की कोशिश करता है। वे आमतौर पर यह ईमेल, फ़ोन कॉल या ऐसे नकली वेबसाइट्स के ज़रिये करते हैं जो पहली नज़र में असली लगते हैं।

**वे आपको कैसे धोखा देते हैं-**

वे नकली ईमेल, संदेश, या कॉल भेजते हैं जो असली कंपनियों या लोगों की तरह दिखते हैं जिन पर आप भरोसा करते हैं। वे ऐसे लिंक भेजते हैं जो आपको नकली वेबसाइट पर ले जाते हैं, जहाँ आपकी जानकारी चुराई जाती है। वे आपको डराकर या जल्दी कार्रवाई के लिए दबाव डालकर जैसे आपका अकाउंट ब्लॉक कर दिया जाएगा या आपको तुरंत कार्रवाई करनी है, गलती कराने की कोशिश करते हैं। वे ऐसे अटैचमेंट भेजते हैं जो खोलने पर आपके कंप्यूटर या फोन को नुकसान पहुँचा सकते हैं।

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम करें अधिकारी

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

### सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने की दी सख्त हिदायत

### रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की हर हाल में पालना सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने को लेकर सजग एवं प्रतिबद्ध है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जयपुर जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार कर उसका कड़ाई से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन समिति की बैठक में डॉ. सोनी ने हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनके पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर मंथन किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी। कलक्टर डॉ. सोनी ने निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना की जाए तथा जयपुर में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। उन्होंने सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने, राजमार्गों पर अवैध कट बंद करवाने, लेन सिस्टम को सख्ती से लागू करने, ट्रैफिक एड पोस्ट के संचालन को प्रभावी बनाने तथा टी-पॉइंट्स पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को मिडियन कट्स बंद करने एवं फ्लाईओवर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुराने और क्षतिग्रस्त साइनेज को बदलकर नए साइनेज लगाने तथा उन पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं लगाने के लिए आमजन से अपील की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर स्पीड लिमिट साइनेज बोर्ड लगाने, ब्लैक स्पॉट्स का निवारण करने और अनधिकृत पार्किंग, बिना रिफ्लेक्टर टेप वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में ज्वलनशील पदार्थों वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग, रूट उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई, टोल नाकों पर नशे में वाहन चलाने वालों की निगरानी तथा बेसहारा पशुओं को रेडियम पट्टी लगाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण श्रीमती राशि डोगरा डूडी, पुलिस आयुक्त (यातायात) श्री सुमित महरड़ा, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री युगांतर शर्मा सहित पुलिस, यातायात, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवहन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फिर से न छिड़े परमाणु हथियारों की होड़

> *पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, 'पाकिस्तान 1998 के बाद से परीक्षणों पर लगाए स्वैच्छिक विराम का पालन कर रहा है। पाकिस्तान ने न तो परमाणु परीक्षण करने में पहल की थी और न वह उन्हें दोबारा शुरू करने में पहल करेगा।' पाकिस्तान के परमाणु अप्रसार के अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए परमाणु बम बनाने और उसकी तकनीक ईरान, लीबिया और उत्तरी कोरिया जैसे देशों को बेचने के विवादास्पद इतिहास को देखते हुए उसकी इस बात पर यकीन नहीं किया जा सकता कि वह परीक्षणों पर लगे प्रतिबंध का स्वेच्छा से पालन कर रहा है। परमाणु अस्त्रों के प्रयोग में पहल न करने की भारत की नीति के विपरीत पहले प्रयोग करने की नीति पर चलना और तरह-तरह के परमाणु बमों के प्रयोग की धमकी देते रहना भी पाकिस्तान की नीयत पर संदेह पैदा करता है। फिर भी, परमाणु परीक्षणों पर निगाह रखने के लिए बनी सीटीबीटी*



भारत में तो एटम बम और हाइड्रोजन बम फोड़ने की बातें ही होती हैं, लेकिन असली बम तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात से पहले ही फोड़ दिया। उन्होंने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'चूंकि कई दूसरे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपने युद्ध विभाग को भी तत्काल दूसरे देशों के स्तर के परमाणु परीक्षण शुरू करने के निर्देश दे दिए हैं।' परीक्षण करने वाले देशों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने सीबीएस न्यूज को दिए साक्षात्कार में रूस, चीन और उत्तर कोरिया के साथ पाकिस्तान का नाम भी लिया। नवंबर 1996 में पारित हुई परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि यानी सीटीबीटी के तहत नागरिक या सैनिक किसी भी उद्देश्य से परमाणु परीक्षण करना प्रतिबंधित है। हालांकि इस संधि का अमेरिका ने अभी तक अनुमोदन नहीं किया है, लेकिन वही इसका सबसे प्रबल प्रायोजक-पैरोकार रहा है। इसलिए ट्रंप के एलान से परमाणु परीक्षण निरीक्षकों, निरस्त्रीकरण विशेषज्ञों और दूसरी परमाणु शक्तियों में हैरत और परेशानी की लहर दौड़ना स्वाभाविक था। ट्रंप ने जिन चार देशों पर छिपकर परीक्षण करने के आरोप लगाए उनमें से उत्तर कोरिया ने तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, पर चीन और रूस ने ट्रंप के आरोपों का खंडन करते हुए परमाणु परीक्षण प्रतिबंध का पालन करने के दावे किए। और तो और पाकिस्तान ने भी खंडन करने में ढिलाई नहीं दिखाई। पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा, 'पाकिस्तान 1998 के बाद से परीक्षणों पर लगाए स्वैच्छिक विराम का पालन कर रहा है। पाकिस्तान ने न तो परमाणु परीक्षण करने में पहल की थी और न वह उन्हें दोबारा शुरू करने में पहल करेगा।' पाकिस्तान के परमाणु अप्रसार के अंतरराष्ट्रीय नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए परमाणु बम बनाने और उसकी तकनीक ईरान, लीबिया और उत्तरी कोरिया जैसे देशों को बेचने के विवादास्पद इतिहास को देखते हुए उसकी इस बात पर यकीन नहीं किया जा सकता कि वह परीक्षणों पर लगे प्रतिबंध का स्वेच्छा से पालन कर रहा है। परमाणु अस्त्रों के प्रयोग में पहल न करने की भारत की नीति के विपरीत पहले प्रयोग करने की नीति पर चलना और तरह-तरह के परमाणु बमों के प्रयोग की धमकी देते रहना भी पाकिस्तान की नीयत पर संदेह पैदा करता है। फिर भी, परमाणु परीक्षणों पर निगाह रखने के लिए बनी सीटीबीटी संगठन की अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण प्रणाली आइएमएस ने अभी तक ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं दी है कि पाकिस्तान ने परमाणु परीक्षण किया है। रूस ने आखिरी परमाणु परीक्षण सोवियत संघ के विखंडन से एक साल पहले 1991 में किया था और चीन ने 1996 में। उसके बाद इस सदी में उत्तर कोरिया को छोड़कर किसी देश ने कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। ट्रंप का एलान कई सवाल खड़े करता है। मसलन क्या रूस, चीन और पाकिस्तान वाकई ऐसे परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जिनकी भनक आइएमएस को भी नहीं है? यदि ऐसा है तो फिर उसकी उपादेयता क्या है? अमेरिका के परमाणु परीक्षण शुरू करने से विश्व में परमाणु अस्त्रों की जो होड़ शुरू होगी उसे कैसे रोका जा सकेगा? इनका स्पष्टीकरण देने का काम ट्रंप ने अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को सौंपा। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने जिन परमाणु परीक्षणों को शुरू करने का एलान किया है वे सब-क्रिटिकल या ठंडे परमाणु परीक्षण हैं जिनसे रेडियोधर्मिता नहीं फैलती।' राइट का उद्देश्य दुनिया की चिंता दूर करने से अधिक अमेरिकी राज्य नेवाडा के निवासियों की चिंता दूर करना था, जो अमेरिका के परमाणु परीक्षण स्थल के पास रहते हैं। यहां पर 1992 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं हुआ है और अब लोग परीक्षणों का कड़ा विरोध करते हैं। हालांकि ट्रंप ने स्वयं इसका स्पष्टीकरण नहीं दिया है कि वे विस्फोट वाले परीक्षण की नहीं, बल्कि सब-क्रिटिकल यानी ठंडे प्रायोगिक परीक्षण की बात कर रहे थे। बात से पलट जाना और मंत्रियों की बात काट देना उनके लिए आम बात है। इसलिए वे क्या कहना चाहते थे और क्यों, यह वही बता सकते हैं। फिर भी, यदि क्रिस राइट की बात सही मान ली जाए तब भी यह समझ नहीं आता कि इसके लिए सार्वजनिक एलान करने की क्या जरूरत थी और वह भी चीनी राष्ट्रपति के साथ होने वाली मुलाकात से ठीक पहले। कंप्यूटरों पर और प्रयोगशालाओं में आभासी ठंडे परीक्षणों का अमेरिका के पास सबसे पुराना अनुभव और तकनीकी दक्षता है। आजकल उसी के सहारे परमाणु अस्त्रों का विकास और नवीनीकरण किया जाता है। अमेरिका, रूस और चीन के पास कुल मिलाकर 12 हजार के लगभग परमाणु बम हैं जिनसे दुनिया को कई बार ध्वस्त किया जा सकता है। इसलिए अब दौड़ परमाणु बम बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें शत्रु के रक्षा कवच को भेद कर लक्ष्य तक पहुंचाने वाले प्रक्षेपास्त्रों के विकास की है, जिसमें रूस और चीन दोनों लगे हैं। कुछ रणनीतिकारों का मानना है कि परीक्षण शुरू करने का एलान भभकी देकर सौदा पटाने की ट्रंप की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति से हुई मुलाकात से कुछ ही दिन पहले रूस ने पोसाइडन परमाणु तारपीडो और बुरेवेस्तनिक परमाणु क्रूज मिसाइल के परीक्षण किए थे और दावा किया था कि ये दोनों अमेरिका के रक्षा कवच को भेदकर परमाणु बमों से लक्ष्य पर वार कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# तकनीकी खामी की वजह से 800 से अधिक उड़ानों में हुआ विलंब



प्रोद्योगिकी के इस दौर में आज अधिकतर कार्य तकनीक के जरिए होने लगे हैं। घरों की साफ-सफाई से लेकर दफ्तर के कार्यों में मशीनों की मदद ली जा रही है। यानी हम तकनीक पर इतने ज्यादा निर्भर हो गए हैं कि उसमें जरा-सी खराबी आने पर सारी व्यवस्था ठप पड़ जाती है। इसमें दोराय नहीं कि तकनीक का इस्तेमाल आज के समय की जरूरत है, लेकिन सुरक्षात्मक और वैकल्पिक उपायों का होना भी बेहद जरूरी है, नहीं तो दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को जो स्थिति उत्पन्न हुई, उस तरह का संकट पैदा होना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि तकनीकी खामी के कारण यहां आठ सौ से अधिक घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में विलंब हुआ और कुछ उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी हुई। प्रभावित उड़ानों में आगमन और प्रस्थान दोनों शामिल थीं। शुरू में इसे साइबर हमले से जोड़कर देखा जा रहा था, मगर बाद में सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि 'आटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम' (एएमएसएस) में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से यह समस्या उत्पन्न हुई। सवाल है कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हवाई अड्डे पर पहले से माकूल वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी? दरअसल, एएमएसएस वह प्रणाली है, जिससे हवाई यातायात नियंत्रित होता है। इसमें किसी भी तरह की तकनीकी खराबी आने से उड़ानों की आवाजाही प्रभावित होना तय है। इससे न केवल विमान यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है, बल्कि हवा में उड़ रहे विमानों के लिए भी जोखिम की स्थिति पैदा हो सकती है। दिल्ली हवाई अड्डे पर इस तकनीकी खामी के कारण विमानों की उड़ान में पचास मिनट से एक घंटे तक की देरी हुई। इस कारण बोर्डिंग गेट के पास यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। हवाई अड्डे पर यात्रियों को उनकी उड़ान के पुनर्निधारित समय की सूचना देने की उचित व्यवस्था का अभाव भी साफ नजर आया। सवाल है कि ऐसी स्थिति में यात्री परेशान न हों या अफरा-तफरी का माहौल पैदा न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है? संचालन का कार्य संभालने वाली कंपनी की क्या यह जिम्मेदारी नहीं है कि वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एहतियाती व्यवस्थागत इंतजाम करने को प्राथमिकता दे। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिदिन 1,500 से अधिक उड़ानों का संचालन होता है। यह तथ्य भी सामने आया है कि इस हवाई अड्डे पर दो दिनों से हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में रुक-रुक कर तकनीकी समस्याएं आ रही थीं और शुक्रवार सुबह यह प्रणाली लगभग ठप पड़ गई। यानी संबंधित अधिकारियों को इसका पहले से अंदेशा था कि इस प्रणाली में ज्यादा तकनीकी अड़चन आ सकती है। इसके बावजूद न तो इस खामी को समय पर दुरुस्त किया जा सका और न ही वैकल्पिक उपायों को चुस्त-दुरुस्त किया गया। तकनीकी खराबी के बाद हवाई यातायात नियंत्रक उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर गैर कंप्यूटरीकृत तरीके से काम कर रहे थे, जिसमें समय लगने के कारण उड़ानों में देरी हुई और यह सिलसिला पंद्रह घंटे से अधिक समय तक चलता रहा। जाहिर है, इस अव्यवस्था की हर कोण से जांच कराने की जरूरत है।

# संघ प्रमुख का निमंत्रण




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में एक प्रश्न के उत्तर में यह जो कहा कि संघ में मुस्लिम, ईसाई समेत किसी भी संप्रदाय के लोग आ सकते हैं, उसकी व्यापक चर्चा होना स्वाभाविक है। ऐसा नहीं है कि इसके पहले संघ में विभिन्न संप्रदायों के लोगों को आने की अनुमति नहीं थी। यह अनुमति पहले से है और सच तो यह है कि उसके कार्यक्रमों में विभिन्न संप्रदायों के लोग आते भी हैं। इनमें मुस्लिम और ईसाई भी हैं। इस सबके बाद भी धारणा यह है कि संघ के कार्यक्रमों में केवल हिंदू संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं। इस धारणा का कारण यह है कि हिंदू संप्रदाय को लेकर संघ की अपनी विशिष्ट धारणा और परिभाषा है। उसके अनुसार देश में रहने वाले सभी लोग हिंदू ही हैं, भले ही उनका संप्रदाय और उनकी उपासना पद्धति कुछ भी हो। संघ की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि चूंकि इस देश में रहने वाले समस्त लोगों के पूर्वज हिंदू ही थे, इसलिए वह सभी को हिंदू के रूप में देखता, मानता और संबोधित करता है। आखिर इस अवधारणा में कठिनाई क्या है? यदि संघ इस पर बल देता है कि उसका उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना है तो इसका अर्थ यही है कि वह सभी भारतीयों को संगठित करने के लिए सक्रिय है। कठिनाई यह है कि उसके विरोधी यह प्रचारित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते कि वह तो केवल हिंदू समाज का संगठन है। चूंकि यह दुष्प्रचार बड़े पैमाने पर हो रहा है, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि संघ के स्तर पर यह बार-बार स्पष्ट किया जाता रहे कि हिंदू शब्द से उसका आशय क्या है। इसी से यह मिथ्या धारणा दूर होगी कि वह संप्रदाय विशेष के लोगों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है। यदि यह मिथ्या धारणा दूर हो सके तो संघ का कार्य और अधिक आसान हो जाएगा, लेकिन यह मानकर चला जाना चाहिए कि संघ के विरोधी उसके बारे में दुष्प्रचार करने में कोई कसर नहीं उठा रखेंगे। जो भी हो, संघ प्रमुख ने यह कहकर एक तरह से अपने विरोधियों और आलोचकों की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है कि उसके कार्यक्रमों में सभी संप्रदायों के लोग आ सकते हैं, लेकिन केवल भारत माता के पुत्र के रूप में। उनकी इस पहल का सकारात्मक उत्तर दिया जाना चाहिए। ध्यान रहे कि ऐसी पहल और कोई नहीं करता और न ही संघ की तरह अन्य कोई अपने वैचारिक विरोधियों को सम्मान देता है। विडंबना यह है कि कुछ लोग भारत को माता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं। क्या यह किसी से छिपा है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत माता की जय कहने से बचा जाता है? पिछले दिनों इसी संकीर्ण दृष्टि के कारण वंदे मातरम् के विरोध में स्वर सुनाई दिए।

# जब चूड़ी बेचने वाले से बुरी तरह हारा वकील

**चुनाव के दिन माजिद ने 288 वोट हासिल करके अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। दूसरे स्थान पर रहे वकील को 26 वोट मिले। इस जीत के साथ, अब्दुल माजिद देश में सर्वोच्च कानून बनाने वाली संस्था के लिए चुने गए भारतीयों के चुनिंदा समूह में शामिल हो गए। मोंटागु-चेम्सफोर्ड रिफॉर्म रिपोर्ट ने 1909 की चुनाव प्रक्रिया की कमियों पर प्रकाश डाला। रिपोर्ट में कहा गया है, "वर्तमान में सामान्य इंटरेस्ट के मतदाता शायद ही मौजूद हैं। लगभग सभी विशेष वर्गों या हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो लोग मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करते हैं**



1920 के चुनाव भारत में प्रत्यक्ष चुनाव का शुरुआती दौर थे। उससे पहले तक औपनिवेशिक नीति विधायिका के लिए कुछ शिक्षित भारतीयों का चयन करने और जनता की जरूरतों को समझने के लिए उनका उपयोग करने की थी। हालांकि, विधायिकाओं में अधिक भारतीय प्रतिनिधित्व की जनता की मांग को नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया। जिसके बाद औपनिवेशिक प्रशासकों ने 1909 में सीमित चुनावों के माध्यम से भारतीय सदस्यों को बढ़ाया। एक विवादास्पद उपाय मुसलमानों के लिए एक अलग निर्वाचन क्षेत्र का भी था। 1920 में दिल्ली निवासी अब्दुल माजिद ब्रिटिश सरकार की नजर में आये। वह ऐसा व्यक्ति था जो आमतौर पर प्रशासन के रडार पर नहीं होता। उसी साल नवंबर में उन्होंने चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके विरोध में कुछ वकील और एक चूड़ी बेचने वाला खड़ा था। सरकार ने अब्दुल माजिद और चूड़ी विक्रेता को हास्यास्पद उम्मीदवार कहकर खारिज कर दिया। चुनाव के दिन माजिद ने 288 वोट हासिल करके अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। दूसरे स्थान पर रहे वकील को 26 वोट मिले। इस जीत के साथ, अब्दुल माजिद देश में सर्वोच्च कानून बनाने वाली संस्था के लिए चुने गए भारतीयों के चुनिंदा समूह में शामिल हो गए। मोंटागु-चेम्सफोर्ड रिफॉर्म रिपोर्ट ने 1909 की चुनाव प्रक्रिया की कमियों पर प्रकाश डाला। रिपोर्ट में कहा गया है, "वर्तमान में सामान्य इंटरेस्ट के मतदाता शायद ही मौजूद हैं। लगभग सभी विशेष वर्गों या हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो लोग मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करते हैं उनका उद्देश्य काफी हद तक समावेशी होना था लेकिन वे भी कुछ सौ मतदाताओं तक ही सीमित हैं।" मोंटागु-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट ने दो सदनों के साथ एक राष्ट्रीय विधायिका स्थापित करने की सिफारिश की। इस कानून बनाने वाली संस्था के एक सदन में जनता द्वारा सीधे निर्वाचित सदस्य होंगे। रिपोर्ट में निर्वाचित सदस्यों के साथ राज्य स्तर पर विधानमंडल स्थापित करने का भी सुझाव दिया गया है। ब्रिटिश संसद ने इन सिफारिशों को स्वीकार कर लिया और भारत सरकार अधिनियम, 1919 पारित किया। तब तक बड़े पैमाने पर चुनावी कानून की कोई आवश्यकता नहीं थी। हालांकि, इन सिफारिशों के लागू होने के साथ कानून निर्माताओं को लोगों द्वारा चुना जाना था। देश में पहले बड़े पैमाने पर चुनाव कराने के लिए सरकार को एक चुनावी ढांचे की जरूरत थी। 1919 के कानून और इसके तहत बनाए गए नियमों ने चुनाव प्रक्रिया की मूल बुनियाद रखीं। साथ में, उन्होंने मतदान करने और चुनाव लड़ने के लिए योग्यताएं, और मतदाता सूची तैयार करने की व्यवस्था का भी जिक्र किया। योग्य मतदाताओं और उम्मीदवारों को ब्रिटिश प्रजा से होना चाहिए। मतदान के लिए उम्र 21 वर्ष थी। चुनाव लड़ने के लिए यह 25 वर्ष थी। महिलाएं तब तक न तो मतदान कर सकती थीं और न ही चुनाव लड़ सकती थीं । कानून में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों, जैसे मुसलमानों और गैर-मुसलमानों (ग्रामीण और शहरी दोनों के लिए), सिख, यूरोपीय, भूमिधारक और चैंबर ऑफ कॉमर्स के लिए भी प्रावधान दिया गया था।

## अतिवृष्टि से फसल खराबे का मुआवजा व बीमा क्लेम दिए जाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस.)।** ऊपरमाल किसान पंचायत ने मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अतिवृष्टि से फसल खराबे का मुआवजा व बीमा क्लेम दिए जाने की मांग की।ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के किसानो ने खरीफ की फसल की बुआई की परन्तु अतिवृष्टि से फसलें नष्ट हो गई। अतिवृष्टि की मार झेल चुके किसान खरीफ की फसल तो नहीं बचा सके परन्तु रबी की फसल की बुआई करने के कुछ वक्त बाद भी अत्यधिक बारिश होने से सरसों, चना, मसूर व लहसुन की फसलें भी खराब हो गई।किसानो से समय-समय पर फसल बीमा की रकम भी वसूल की गई पर इस प्राकृतिक आपदा के समय ना तो मुवावजा दिया गया और ना ही फसल खराबे का सही आकलन हो पाया हैं। किसानो ने उचित मुवावजा एवं बीमा क्लेम दिलाने की मांग की हैं। किसान पंचायत अध्यक्ष सुगनलाल धाकड़,पूर्व अध्यक्ष भगवान लाल धाकड़,जीतमल धाकड़,देवीलाल मेवाड़ा ,छीतर प्रजापत मांगीलाल धाकड़,भंवरलाल बागड़ी, हीरालाल व मोहन धाबाई समेत कई किसान मौजूद रहे

## कार्यवाहक प्रधान दुष्यंत कुमार की सदस्यता रद्द कराने के लिए दिया गया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** सैंपऊ पंचायत समिति के कार्यवाहक उप प्रधान दुष्यंत कुमार की सदस्यता रद्द हो सकती है, क्योंकि दुष्यंत कुमार नवगठित नगर पालिका सैपऊ के निवासी हैं और उनका आशिक क्षेत्र भी नगरपालिका में शामिल किया गया है और वह सैपऊ के मतदाता भी हैं, नगर पालिका में सम्मिलित राजेश कुमारी का क्षेत्र भी शामिल किया गया, लेकिन उसकी सदस्यता को रद्द माना गया है, 13 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर चुनाव होने वाला है, जिसमें पंचायत समिति के वार्ड नंबर 24 से सदस्य अंजना ने दुष्यंत कुमार की सदस्यता रद्द कराने के लिए अपने समर्थकों के साथ जिला कलेक्टर धौलपुर एवं जिला परिषद सीईओ धौलपुर और संबंधित सैंपऊ विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को लिखित ज्ञापन दिया है, जिसमें अंजना कुमारी ने स्पष्ट कहा है कि दुष्यंत कुमार की सदस्यता रद्द होनी चाहिए, क्योंकि वह है नगर पालिका क्षेत्र के निवासी हैं और उनका मतदान भी नगर पालिका क्षेत्र में है पंचायती राज अधिनियम 1994 है और नगर निकाय अधिनियम 2009 एक दूसरे से अलग-अलग हैं नगर पालिका का व्यक्ति आगामी पंचायती राज के चुनाव में भाग नहीं ले सकता और पंचायती राज का मतदाता नगर निकाय के चुनाव में भाग नहीं ले सकता, इस पर संबंधित अधिकारियों ने उच्च स्तरीय दिशा निर्देश लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है!

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल - मोहन प्रकाश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश ने अंता विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में रैली कर किया जनसंपर्क) राजस्थान विधानसभा अंता उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के समर्थन में कांग्रेस स्टार प्रचारक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मोहन प्रकाश ने बालदडा गांव मे पूर्व मंत्री शांति धारीवाल के साथ रैली कर जनसंपर्क किया और कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की



अपील की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं स्टार प्रचारक मोहन प्रकाश ने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र से प्रमोद जैन भाया को जिताकर ताकत दो प्रमोद जैन आपकी लड़ाई लड़कर आपको मजबूत करेगा मोहन प्रकाश ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की राजस्थान कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है और कांग्रेस के राज में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का काम भजनलाल सरकार कर रही है उन्होंने कहा की राजस्थान के अंदर बेरोजगारी और महंगाई से आमजन त्रस्त है कानून व्यवस्था की स्थिति प्रदेश की खराब है उन्होंने कहा कि आप की ताकत राजस्थान की सरकार को जगाने का काम करेगी राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश ने कहा कि बिहार चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनेगी और उपचुनाव अंता विधानसभा में जन समर्थन कांग्रेस पार्टी के साथ है और कांग्रेस भारी मतों से विजई होगी।

## शांति समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न, अनैतिक गतिविधियों व नशे को बढ़ावा देने वालों को कतई नहीं बक्शा जायेगाः थाना अधिकारी राममिलन मीणा

जयपुर टाइम्स

**सांभर झील(निस.)** सांभर थाना परिसर में सोमवार को शांति समन्वय समिति की बैठक का आयोजन थाना अधिकारी राममिलन मीणा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। थाना अधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ आयोजन को सफल बनाएं। थाना अधिकारी राममिलन मीणा ने स्पष्ट कहा कि "नशे के व्यापार और सेवन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कस्बे में नशे और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि "नशा समाज को खोखला करता है

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ,विश्व में सभी कथाओं में श्रेष्ठ है भागवत कथा - आचार्य विजय राम कौशिक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** सोमवार से स्थानीय दारासिंह नगर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं पारम्परिक वेश में कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास आचार्य विजय राम कौशिक तासौंड़ वाले के नेतृत्व में पुलिस लाइन से शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। कलश को पवित्र जल से भर कर लाने के बाद आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। यजमान नन्दकिशोर रावत, मिथलेश, पुरुषोत्तम शर्मा, वंदना, मुकेश, रविता, राधेश्याम, महावीर, अंतराम, राहुल, अभिषेक, मोनू, आराध्या, काव्य,



अंशिका, वेदांत सहित अन्य भक्तजनों ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की और आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य विजय राम कौशिक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो-चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्रीकृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ-साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। उन्होंने बताया कि इस कथा को सबसे पहले अभिमन्यु के बेटे राजा परीक्षित ने सुना था, जिसके प्रभाव से उसके अंदर तक्षक नामक नाग के काटने से होने वाली मृत्यु का भय दूर हुआ और उसने मोक्ष को प्राप्त किया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित 71 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

### मानवता और सेवा का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह के अवसर पर रविवार को आदर्श विद्या मंदिर, स्टेशन रोड, सांभरलेक में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सांभर जिले के संघ चालक दिनेश चंद शर्मा, मनीष यादव फुलेरा सह खंड कारवाह ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया समाजसेवा की भावना के साथ बड़ी संख्या में पत्रकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों और युवाओं ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। शिविर में नवजीवन ब्लड सेंटर के द्वारा 71 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया कार्यक्रम में फुलेरा विधानसभा के पूर्व विधायक निर्मल कुमावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान करने पहुंचे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा – } "एक बूंद खून किसी के लिए ज़िंदगी बचाने का काम कर सकता है। रक्तदान सिर्फ दान नहीं, बल्कि मानवता का सम्मान और महादान है।" उन्होंने कहा कि जब किसी अनजान व्यक्ति की धड़कन हमारे दिए गए रक्त से चलती है, तभी इंसान होने का असली सुख मिलता है। शिविर में सांभर के पूर्व थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव और वर्तमान थानाधिकारी राममिलन मीणा ने भी पहुंचकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें धन्यवाद दिया। रक्तदान शिविर के सफल संचालन में आदर्श विद्या मंदिर परिवार, आरएसएस कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर सांभर पत्रकार संघ एवं संघ पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और एकता की भावना को और प्रबल करते है।

## एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन पर किया गया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से भरतपुर संभाग के आई-स्टार्ट, मेंटोर मनु विजय एवं आई-स्टार्ट जिला कॉर्डिनेटर गौरव राणा रहे। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य बीएल गुप्ता के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिला कॉर्डिनेटर गौरव राणा ने बताया कि स्टार्टअप एक ऐसा नया व्यवसाय होता है जो किसी अनोखे विचार या तकनीक के ज़रिए समाज की किसी ज़रूरत को पूरा करने का प्रयास करता है। सीमित संसाधनों से शुरू होकर भी यह बड़े बदलाव लाने की क्षमता रखता है। आज भारत में स्टार्टअप संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। युवा नई सोच के साथ रोजगार के अवसर बना रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। सच कहा जाए तो स्टार्टअप सिर्फ एक व्यापार नहीं, बल्कि बदलाव की सोच है। आई स्टार्ट मेंटोर भरतपुर डिविजन मनु विजय ने बताया कि आई स्टार्ट अप राजस्थान सरकार द्वारा प्रदान किया गया स्टार्टअप्स के एक आसान और प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा स्टार्ट- अप को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाएं जैसे इनक्यूबशन, मेंटरिंग, फंडिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार छात्रों को अवगत कराया। साथ ही आई स्टार्ट पिचडेक के दिशा निर्देश बताए। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष विनय बघेल ने कि नए व्यवसाय में बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन और मार्केटिंग जैसी शुरुआती चुनौतियों का सामना कैसे करते आदि के वारे मे बिस्तार से बताया।और आई स्टार्टअप उन्हें कैसे मदद करता है। इसमें समस्या, समाधान, बाजार की संभावनाएँ, टीम इत्यादि के बारे में एक डेमो पिचडेक के माध्यम से छात्रों को पिच डेक बनाना बताया गया।इस दौरान डॉ. कृष्ण कांत उपाध्याय, निरंजन सिंह, शिवाकांत शर्मा, विजय कुमार अग्रहरि, बृजेश कुमार, मिलेश चौहान, सौरव शर्मा, माधव गर्ग, गजेंद्र सिंह, गिरिराज गिरी, मोहित श्रीवास्तव, कुलदीप तिवारी, शांतनु कुमार, वंशिका यदुवंशी, पवन कुमार मनीष कुमार, हिमांशु गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## हुनर शक्ति फाउंडेशन "शिक्षा कौशल से आत्मनिर्भर



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)** राजस्थान राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गाँधी विद्यालय हथवारी राजाखेड़ा मे हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था के द्वारा सोमवार को बच्चों के ज्ञान कौशल मे परिपूर्णता के उद्धेश्य से एक दिवसीय शिक्षा कौशल मे कंप्युटर साइबर सेफ्टी कार्यक्रम एवं करियर काउंसलिंग के विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय से क्लास नवमी से बारहवीं तक के बच्चे सौ से अधिक सम्मलित हुए संस्था सचिव नीरज झा के द्वारा बताया गया आज के बदलते भारत में "आत्मनिर्भरता" केवल एक नारा नहीं, बल्कि विकास की दिशा बन चुकी है।

### शिक्षा से सशक्तिकरण की ओर

एनजीओ का सबसे बड़ा लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा की रोशनी पहुँचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे "साक्षर भारत", "बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ", "डिजिटल शिक्षा केंद्र" जैसे कार्यक्रमों से हज़ारों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिल रहा है। इन प्रयासों से न केवल साक्षरता दर बढ़ी है, बल्कि बाल श्रम और प्रारंभिक विवाह जैसी समस्याएँ भी घट रही हैं। कौशल विकास आत्मनिर्भरता की राह शिक्षा के साथ-साथ कौशल प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है। संस्था के द्वारा मंजिल शक्ति अभियान मे सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, शिक्षा , कृषि तकनीक और हस्तशिल्प जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा मे हुनर से रोज़गार तक के सफर को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण निःशुल्क संचालित है साथ ही रोज़गार के नये अवसर सृजित करने के लिए जागरूक किया गया भविष्य की दिशा मे यदि शिक्षा और कौशल का यह संगम हर गाँव, हर मोहल्ले तक पहुँच सके, तो भारत में बेरोज़गारी और गरीबी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति शिक्षित, प्रशिक्षित और आत्मविश्वासी होगा कार्यक्रम में कुलदीप सिंह के साथ साथ प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे

### फुलेरा रेलवे परिसर में सुरक्षा जागरूकता की गूंज

## जीआरपी थाने में सीएलजी सदस्यों व सुरक्षा सखियों की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस.)** स्थानीय रेल परिसर में सोमवार सांयकाल राजकीय रेलवे पुलिस थाना फुलेरा में थानाधिकारी गुलज़ारीलाल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएलजी सदस्यों एवं सुरक्षा सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रेल यात्रियों की सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और अपराध नियंत्रण को लेकर सार्थक चर्चा करना रहा।थानाधिकारी गुलज़ारीलाल ने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दे और इस संबंध में आसपास के लोगों को भी जागरूक करे। उन्होंने नए यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नियमों की अवहेलना स्वयं के साथ-साथ दूसरों के लिए भी खतरा बन सकती है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से अपील की कि वे रेलगाड़ियों में असामाजिक तत्वों एवं अनाधिकृत वेंडर्स पर सतर्क नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जीआरपी पुलिस को सूचना दें। इससे रेलवे परिसर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। थानाधिकारी ने यह भी कहा कि यात्रियों को अपने वाहनों को केवल वैध पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करना चाहिए तथा यात्रा के दौरान अपने सामान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीएलजी सदस्य शेष नारायण सैनी, श्यामलाल सैनी, पूनम कुमावत, पूजा भाटी, खादिम अब्दुल शरीफ शाह सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## सचिव रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एण्ड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एसओपी में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों से उनके प्रकरणों, अपील, जमानत, आगामी पेशी की तारीख, आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं सभी बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तो एक बंदी ने अपने हाथ में दर्द होने की जानकारी दी तो सचिव द्वारा जेल अधीक्षक को बंदी की जांच, दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं सभी बंदियों से जातिगत भेदभाव के बारे में जानकारी प्राप्त की जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चार नए बंदी जेल में आए है, सचिव द्वारा उनसे भी उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली एवं लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागणों द्वारा नए बंदियों को फॉर्मेट भरकर देने के भी निर्देश दिए तथा सचिव ने बताया कि जो बंदी मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ है वह बंदी लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागणों के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है एवं जेल में स्थित रसोई घर का भी निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान आज के भोजन की जानकारी ली तो आज के भोजन में आलू गोभी की



सब्जी, मोठ की दाल एवं चपाती पाई गई उसके बाद रसोई घर में स्थित बर्तनों एवं रोटी बनाने की मशीनों का भी बारिकी से निरीक्षण किया गया एवं बंदियों के लिए उपलब्ध टॉयलेटों एवं कपड़े धोने एवं नहाने के लिए उपलब्ध पानी का भी निरीक्षण किया एवं टॉयलेटों एवं पानी को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए एवं संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु सतत सफाई सुनिश्चित करने एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए कंबल, बिस्तर रजाई गद्दे उपलब्ध कराने के भी जेल अधीक्षक को निर्देश दिए गए। बंदियों से भोजन की गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में भी जानकारी ली गई। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।स कॉउन्सिल अमित कम्ठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागृह का स्टाफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## जिले में सड़क दुघर्टनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान

### में कल पुलिस ने जिले भर में 308 वाहन चालकों के खिलाफ की कार्रवाई, करीब 1200 व्यक्तियों को यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

धौलपुर(**निसं.**)।पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 04 नवंबर से 18 नवंबर तक चलाएं जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कल सभी थानों की पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर 308 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करने के सभी थानाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी के तहत जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि राजस्थान सरकार एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यह कदम उठाया गया है। इस अभियान में पुलिस वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी कर रही है। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और अन्य वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि कल इस अभियान के तहत सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा जिले भर में 308 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 15, तेजगति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 22, ग़लत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 41, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 01, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने? वालों के विरुद्ध 46, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 76 एवं अन्य 107 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, इसके साथ ही 1162 व्यक्तियों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया गया है।



## 'होमबाउंड' को फ्लॉप नहीं मानते ईशान

नेशनल अवॉर्ड विनर निर्देशक नीरज घेवान की पिछली फिल्म 'होमबाउंड' को दुनियाभर से प्रशंसा मिली। फिल्म को कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में भी सराहा गया। यही नहीं 'होमबाउंड' भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भी भेजी गई है। लेकिन इस सबके बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और औंधे मुंह गिरी। अब फिल्म के लीड एक्टर ईशान खट्टर ने 'होमबाउंड' के फ्लॉप कहे जाने और बॉक्स ऑफिस नंबर्स को लेकर प्रतिक्रिया दी है। बातचीत के दौरान ईशान ने होमबाउंड को लेकर बात की और कहा कि इसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। अभिनेता ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह फिल्म असफल है। मुझे लगता है कि फिल्मों का सफर अलग होता है। जहां तक बॉक्स ऑफिस की बात है, मुझे लगता है कि यह फिल्म लंबे समय तक चलेगी। मैं बॉक्स ऑफिस नंबर्स को इनकार करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। मुझे आंकड़े बहुत अच्छी तरह पता हैं। लेकिन हमारी उम्मीद है कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। इसमें मैं अपनी कोशिशों में कोई कमी नहीं आने दूंगा।

### एक समय ऐसी फिल्में भी करेंगी अच्छी कमाई

बॉक्स ऑफिस पर छोटी फिल्मों के न चल पाने और अच्छी कमाई करने की जरूरत पर ईशान ने कहा कि एक समय ऐसा आएगा जब ऐसी फिल्में भी किसी बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म जितनी कमाई करेंगी। इससे चीजें बदल जाएंगी। इससे एक ऐसा माहौल बनेगा जहां ऐसी फिल्मों को पनपने व ज्यादा बनने का मौका मिलेगा। अभी बदकिस्मती से आपको ऐसी फिल्में कभी-कभार ही देखने को मिलती हैं। लेकिन इसमें बदलाव लाने के लिए दर्शकों को भी सहयोग करना होगा।

**नीरज घेवान ने किया है निर्देशन**

कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान दो प्रवासी मजदूरों की सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म में एक मुस्लिम और दलित की बचपन की दोस्ती दिखाई गई है, जो पुलिस की नौकरी पाने के लिए प्रयासरत हैं। जिन्हें लगता है कि यह नौकरी उन्हें वह सम्मान दिलाएगी, जो उन्हें अपनी-अपनी पृष्ठभूमि के कारण लंबे समय से नहीं मिल पाया है। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित इस फिल्म में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।



## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हक' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। 'हक' अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। 'विकी डोनर' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने करियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं। अब यामी ने कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बावजूद उन्हें जीत न पाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि नॉमिनेशन मिलने के बाद अवॉर्ड न मिलने पर उन्हें कैसा महसूस होता है।

### यामी ने भगवत गीता का किया जिक्र

बातचीत के दौरान यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है।

### दर्शक मुझे प्यार करते हैं, और क्या चाहिए

साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म 'विकी डोनर' के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती हैं। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।

### शाहबानो केस पर आधारित है 'हक'

जल्द ही इमरान हाशमी के साथ कोर्ट रूम ड्रामा 'हक' में नजर आएंगी। शाह बानो केस से प्रेरित इस फिल्म में यामी एक मुस्लिम महिला की भूमिका में हैं, जो देश के कानून को चुनौती देती है और तलाक के बाद अदालत में अपने लिए गुजारा भा मांगती है।



## 'किंग' में दीपिका से रोमांस करेंगे शाहरुख

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'किंग' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में शाहरुख के 60वें जन्मदिन के मौके पर फिल्म से उनका लुक और टाइटल रिवील किया गया। इसने सामने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और व्यूज के मामले में रिकॉर्ड स्थापित कर दिए। वहीं जन्मदिन पर एक फैन मीट के दौरान शाहरुख ने फिल्म से जुड़े कई सवालों के भी जवाब दिए। इसी दौरान शाहरुख ने इशारों-इशारों में ये भी कंफर्म कर दिया कि फिल्म में उनका और दीपिका का लव एंगल होगा।

**धीरे-धीरे आपको फिल्म के बारे में मिलेगी जानकारी**

फैन मीट के दौरान एक प्रशंसक ने शाहरुख से 'किंग' के कॉन्सेप्ट के बारे में पूछा। हालांकि, इस पर शाहरुख ने साफ कहा कि मैं फिल्म के बारे में अभी ज्यादा कुछ भी आपको नहीं बता सकता हूं। जैसे-जैसे और भी चीजें सामने आएंगी, आपको फिल्म के बारे में अधिक पता चलेगा। फिल्म में कई किरदार हैं। फिल्म का मकसद यह है कि जब हम चीजों को व्यक्तिगत रूप से लेते हैं, तो हम बड़े फैसले लेते हैं। हमें सोचना चाहिए कि हम जो कर रहे हैं वह सही है या नहीं। साथ ही हम किंग में किसी का पक्ष नहीं लेंगे। अगर आपको हमारा आइडिया पसंद आए, तो इसे जरूर अपनाएं। या फिर आप इसकी आलोचना भी कर सकते हैं।

इस इवेंट के दौरान एक प्रशंसक ने चिल्लाकर कहा कि उनके मन में शाहरुख के लिए बहुत सारा प्यार है। इस पर तुरंत ही शाहरुख ने मजेदार अंदाज में कहा कि मेरे साथ फिल्म में दीपिका पादुकोण भी हैं। इसलिए प्यार तो जरूर ही होगा। शाहरुख के इस बयान के बाद ही ऐसे कयास लगाए जाने लगे हैं कि फिल्म में दीपिका और शाहरुख के बीच लव एंगल दिखाया जाएगा। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### अभी तक सामने नहीं आई रिलीज डेट

'किंग' अगले साल 2026 में रिलीज होनी है। अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इस फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। 'किंग' में शाहरुख के साथ उनकी लाडली सुहाना खान भी नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण, जयदीप अहलावत, अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## सनी लियोनी संग शो 'स्प्लिट्सविला' होस्ट करेंगे करण कुंद्रा



सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के 'रोडीज' और 'लव स्कूल' को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला x6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला x6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। वह पीटीआई से की गई बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। 'स्प्लिट्सविला' शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है।' करण आगे कहते हैं, 'स्प्लिट्सविला' के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा।'

### क्या है शो का कॉन्सेप्ट

करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को 'स्प्लिट्सविला' के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## साउथ और बॉलीवुड फिल्मों को लेकर सोनाक्षी सिन्हा ने किया बड़ा खुलासा



साउथ अभिनेता सुधीर बाबू अभिनीत आगामी फिल्म जटाधरा में सोनाक्षी सिन्हा अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री की यह पहली साउथ फिल्म होने वाली है। एट्रेस ने साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के तरीके पर चर्चा की है।

### काम के घंटो को लेकर या बोलीं सोनाक्षी सिन्हा?

सोनाक्षी सिन्हा से हिंदी और तेलुगु इंडस्ट्री के काम करने के तरीके में अंतर के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, ज्यादा अंतर नहीं है लेकिन उनकी (साउथ) टाइमिंग बहुत अच्छी है, बहुत व्यवस्थित है। वे सिर्फ कुछ खास घंटों के लिए ही काम करते हैं। वहां वर्क-लाइफ बैलेंस बहुत अच्छा है, जो हम उनसे जरूर सीख सकते हैं। मुझे लगता है कि यह उस बारे में सच में बहुत अच्छी बात है। मैं कहूंगी कि यह थोड़ा ज्यादा अनुशासित है।

### अलग-अलग भाषाओं में फिल्म करना चाहती हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने आगे बातचीत करते हुए कहा, मैंने पहले एक तमिल फिल्म (लिंगा) की है और अब यह तेलुगु फिल्म कर रही हूं। मुझे नहीं लगता कि अब भाषा कोई रुकावट है। मैं और भी भाषाओं को एसप्लोर करना चाहूंगी।

### निर्देशकों के विजन को फॉलो करती हैं एक्ट्रेस

सोनाक्षी सिन्हा ने कहा, मैं अपने निर्देशकों के विजन को फॉलो करती हूं क्योंकि वे फिल्म के साथ ज्यादा समय तक रहे हैं। वे राइटिंग प्रोसेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए उन्हें आइडिया होता है। और एक एक्टर के तौर पर, यह मेरा काम है कि मैं उसे पूरा करूं। अगर मुझे लगता है कि मेरे इनपुट की जरूरत है, अगर मैं इसे किसी खास तरीके से निभाना चाहती हूं या कुछ अलग करना चाहती हूं, तो मैं कहती हूं। लेकिन ज्यादातर, मैं वही करने की कोशिश करती हूं, जो मेरे डायरेक्टर का विजन होता है।



## एक्टिंग से विराम लिया था, लेकिन दिल हमेशा सिनेमा से जुड़ा रहा

90 के दशक की लोकप्रिय और प्रतिभाशाली अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लंबे अंतराल के बाद वह फिल्म 'जटाधारा' से बड़े पर्दे पर दमदार वापसी कर रही हैं। खास बातचीत में शिल्पा ने अपने इस नए सफ़र, फिल्मों से दूरी और एक नए दौर की शुरुआत को लेकर दिलचस्प बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि विदेश में बसने के कारण उन्होंने एक्टिंग से विराम लिया था, लेकिन उनका दिल हमेशा सिनेमा से जुड़ा रहा। शिल्पा अब एक गहराई भरे निगेटिव किरदार 'शोभा' में दिखेंगी — जो लालच, महत्वाकांक्षा और भीतर की जद्दोजहद से जूझती एक जटिल महिला है।

**शिल्पा जी, आपने 90 के दशक में कई फिल्में कीं और फिर अचानक स्क्रीन से गायब हो गईं। दर्शकों ने आपको बहुत मिस किया। उस ब्रेक के पीछे क्या वजह थी?**

यह मेरा बहुत ही सोच-समझकर लिया गया फैसला था। शादी के बाद मैंने खुद को एक्टिंग से दूर कर लिया था, क्योंकि हम विदेश चले गए थे। पहले नीदरलैंड, फिर न्यूज़ीलैंड और बाद में लंदन में रहते हुए बॉलीवुड में काम जारी रखना मुश्किल था। हाँ, अगर मैं मुंबई में रहती, तो जरूर काम करती रहती, लेकिन विदेश में बसने का मतलब था कि मुझे अपने नए जीवन और परिवार को प्राथमिकता देना, जो मैंने किया।

**उस दौर में आपने अमिताभ बच्चन, अनिल कपूर, गोविंदा, सुनील शेट्टी और मिथुन चक्रवर्ती जैसे बड़े नामों के साथ काम किया। वह अनुभव कैसा रहा?**

वो अनुभव मेरे लिए एक आशीर्वाद जैसा था और मैंने उनसे काफी कुछ सीखा। काम से ज्यादा मैंने उन सबसे प्रोफेशनलिज्म सीखा। हालांकि मैं हमेशा से ही अमिताभ जी की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। इसके अलावा अनिल कपूर, मिथुन दा और सुनील शेट्टी भी मेरे लिए बहुत सपोर्टिव रहे हैं। हालांकि उस दौरान सेट पर एक परिवार जैसा माहौल रहता था। सब एक-दूसरे को प्रोत्साहित करते थे और हर दिन एक नई ऊर्जा के साथ काम होता था।

**आपकी फिल्म जटाधारा रिलीज़ होने जा रही है। इस फिल्म से आपकी क्या उम्मीदें हैं?**

जटाधारा हम सभी के लिए एक सफ़र जैसा रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि यह दर्शकों के लिए भी एक शानदार सफ़र होगा। यह कहानी बहुत अलग और प्रभावशाली है। यह उन फिल्मों में से है, जो देखने के बाद भी आपके साथ रहती है। हमने इसमें दिल से मेहनत की है। हर किरदार की अपनी गहराई और पहचान है, और मुझे यक़ीन है कि दर्शकों को हर किरदार में खुद से जुड़ाव महसूस होगा।

**जटाधारा में आपके किरदार की क्या खासियत थी, जिसने आपको यह रोल करने के लिए प्रेरित किया?**

उत्तर- इस फिल्म में मैं शोभा का किरदार निभा रही हूं और मुझे उसकी जटिलता ने बहुत आकर्षित किया। वह लालच में डूबी हुई है और अपने सामान्य जीवन से ऊब चुकी है। उसे ऐश्वर्य, ताकत और शोहरत चाहिए। यह मेरा पहला निगेटिव रोल है, और यही चीज़ मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित कर रही थी। मैं ज्यादा नहीं बता सकती, पर यह ज़रूर कहूंगी कि सभी को यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए!

**जटाधारा में आपके किरदार को लेकर काफी चर्चा है। आप इस फिल्म से कैसे जुड़ीं?**

यह सब मेरे बिग बॉस से निकलने के बाद शुरू हुआ। वहां से निकलते ही जटाधारा की निर्माता प्रेरणा अरोड़ा ने मुझसे संपर्क किया और इस रोल के बारे में बताया। जैसे ही मैंने किरदार के बारे में सुना, मैं तुरंत उस किरदार की तरफ आकर्षित हो गई। कहानी में एक सच्चाई और कच्चापन था, जो मेरे दिल को छू गई। मैंने बिना वक्त गंवाए अपना काम शुरू कर दिया और सब कुछ बहुत खूबसूरती से जुड़ता चला गया।

**इतने सालों बाद एक ऐसी फिल्म के साथ वापसी करना, जो सामाजिक और पौराणिक दोनों पहलुओं को छूती है। क्या आपको कोई दबाव महसूस हुआ?**

बिल्कुल नहीं। पहले दिन से ही मुझे इस फिल्म और इसकी कहानी पर पूरा विश्वास था। मेरे को-स्टार्स, निर्देशक और निर्माता सब बहुत सपोर्टिव थे। सच कहूं तो दबाव की बजाय काफी उत्साह था, क्योंकि मेरे लिए यह बिल्कुल नया अनुभव था।

**इस फिल्म के लिए आपने कोई खास तैयारी की थी?**

सच कहूं तो शोभा बनने के लिए तैयारी से ज्यादा, अपने किरदार को समझने की ज़रूरत थी। हालांकि टीम ने इस पूरी प्रक्रिया में मेरी बहुत मदद की। इसके अलावा कहानी इतनी साफ़ और स्पष्ट थी कि सेट पर जाते ही मैं अपने किरदार में ढल जाती थी।

**क्या आप भविष्य में फिर से इसी टीम के साथ काम करना चाहेंगी?**

बिल्कुल! सोनाक्षी एक शानदार आर्टिस्ट हैं। सेट पर उनके अंदर कोई अहंकार नहीं था। वह पूरी तरह निर्देशक की अभिनेत्री हैं और उनका जोश कमाल का था! आज-कल की भाषा में कहें तो हम दोनों की वाइब काफी मैच करती है, जैसे हम एक जैसी बातें करते हैं, एक जैसी चीजें पहनते हैं। पूरी टीम बहुत शानदार है और मैं सभी के साथ दोबारा काम करने का इंतज़ार कर रही हूं।

### आपके कमबैक का सबसे बड़ा मंत्र क्या है?

सच कहूं तो कोई ख़ास मंत्र नहीं है। हाँ, यह ज़रूर कहूंगी कि फिल्मों से दूर रहने के बावजूद मेरा दिल हमेशा यहीं था। अब मैंने तय कर लिया है कि कभी कभी नहीं नहीं कहूंगी, बल्कि हर अवसर के साथ खुद को नया बनाती रहूंगी।

## अखिल भारतीय श्री च्यवन गौड ब्राह्मण समाज थान गोनेर का अध्यक्ष निर्विरोध चुना

जयपुर टाईम्स



**चाकसू(निसं.)** अखिल भारतीय आम चोरासी च्यवन गौड ब्राह्मण महासभा समिति के तत्वावधान में अखिल भारतीय श्री च्यवन गौड ब्राह्मण समाज समिति की डिग्गी स्थित धर्मशाला में रविवार को समाज की थान इकाइयों का चुनाव संपन्न हुई। जिसमें गोनेर थान संगठन के लिए चाकसू के छान्देल कलां निवासी हनुमान सहाय शर्मा पुत्र लक्ष्मी नारायण शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। समाज के चुनाव अधिकारी हीरालाल शर्मा की देखरेख में संपन्न किया गया। वही अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा द्वारा थान गोनेर में नई कार्यकारिणी जल्दी ही गठित की जाएगी।इस दौरान नव निर्वाचित गोनेर थन अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा ने समाज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता समाज की शिक्षा, संगठन और सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाना है गोनेर थान के दौरान गणेशपुरा, बापूगांव, कोटखावदा, छांदेल कला, प्रहलादपुरा, खेड़ा जगन्नाथपुरा, सालगरामपुरा, सीतापुरा, बराला, बस्सी, राजपुरा, फालियावास, रामपुरा, मोहनपुरा, नैनपुरा, आकोडिया आदि गांव शामिल हैं।

## *भाजपा की संयुक्त कार्यशाला संपन्न, "Run for Unity" का आयोजन*

जयपुर टाईम्स

**सांभरलेक(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के सांभर, फुलेरा, नरेना व नरेना देहात मंडलों की संयुक्त स्ह्रह्न कार्यशाला का आयोजन रविवार को सांभर लेक में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल कुमावत एवं मुख्य वक्ता अजयपाल सिंह रहे। कार्यशाला में सभी मंडलों के मंडल



अध्यक्षों, BLA-2 पदाधिकारियों तथा अनेक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान संगठन की योजनाओं एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में "Run for Unity" (एकता दौड़) का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को सशक्त बनाना एवं कार्यकर्ताओं में एकता व अनुशासन का संदेश देना रहा।

## प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन का हुआ पोस्टर विमोचन

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** डिग्गी रोड़ स्थित हरसूलिया ग्राम जय मां दुर्गा गौशाला स्ह्लन्न रोड़ पर श्रीयादे माता प्रजापति सेवा संस्थान समिति की ओर से 25 नवंबर को निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों चल रही है। समिति के कन्हैयालाल प्रजापति ने बताया कि विवाह सम्मेलन को लेकर अलग अलग गांवों में समिति की कमेटी पदाधिकारी प्रचार-प्रसार कर रहे है। सम्मेलन को लेकर लोगों में



उत्साह भी बना हुआ है। कन्हैयालाल प्रजापति ने बताया कि 24 नवंबर को श्रीयादे माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भी रखा गया है।

## आश्रम में ताबीज बनाने के बहाने बाबा की करतूत आई सामने

### महिला से जबरदस्ती का किया प्रयास, मामला दर्ज

जयपुर टाईम्स

**चूरू(निसं.)** कोतवाली थाने में एक महिला ने कथित बाबा के खिलाफ रेप के प्रयास का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि बाबा ने आश्रम में बुलाकर उससे छेड़छाड़ की, धमकाते हुए तंत्र-मंत्र के नाम पर नशीला कागज सूंघा दिया। कोतवाली पुलिस के अनुसार महिला ने रिपोर्ट दी कि 22 अक्टूबर को पीड़िता की मां के मोबाइल पर कथित बाबा का फोन आया। जिसमें उसने "धार्मिक काम की तैयारी" का हवाला देकर आश्रम आने को कहा। मां ने स्वास्थ्य खराब होने की वजह से मना किया। जिसके बाद बाबा ने 40 वर्षीय महिला के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल कर आश्रम आने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि 24 अक्टूबर को महिला उक्त स्थान के रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां बाबा खुद गाड़ी लेकर आया और उसे देर शाम अपने आश्रम ले गया। देर रात करीब साढ़े बारह बजे बाबा उसके कमरे में पहुंचा और ताबीज बनाने की बात कहकर एक कागज़ सूंघने को दिया। महिला का कहना है कि कागज़ सूंघते ही उसके शरीर में कमजोरी आ गई। जिससे हाथ-पैर सुन्न होने लगे। इसी दौरान बाबा ने गलत हरकतें शुरूकर दीं और जबरदस्ती करने का प्रयास किया।पीड़िता ने बताया कि बाबा लगातार दबाव डालते हुए यह तक कहता रहा कि पैसे वाली बनना है तो जैसा मैं कहूं वैसा करो और शारीरिक सम्बन्ध बनाओ। विरोध करने पर बाबा ने उसे डराया धमकाया और बोला कि प्रभावशाली नेता और अधिकारी उसके चेले हैं। इसलिए शिकायत करने पर उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। साथ ही धमकी दी कि अगर बात किसी को बताई तो "जान से मारकर जंगल में दबा देगा। डरी-सहमी महिला चूरू लौटी और चूरू के कोतवाली पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश की। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर कथित बाबा के खिलाफ बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया। यह घटना नागौर जिले के डेगाना थाना क्षेत्र की होने के कारण पूरा मामला ऑनलाइन उक्त जिले की पुलिस को अग्रिम कार्रवाई हेतु भेज दिया गया है। फिलहाल मामला दूसरे जिले की पुलिस के अधीन है।

## श्रीराम कथा के तीसरे दिन रामजन्म लीला, जयकारों से गुंजा पांडाल

जयपुर टाईम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** पुलिया संख्या-4 के पास शिवाजी सेवा संस्थान में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा वाचक प्रहलाद महाराज ने राम जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। रामनाम के महात्म्य पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसके जप से सर्वसिद्धि प्राप्त होती है, ब्रह्मांड के समस्त तीर्थों का फल मिलता है और जीव के सांसारिक पाप नष्ट होते हैं। उन्होंने संदेश दिया कि क्रिया भले धार्मिक हो, पर यदि उद्देश्य शुद्ध न हो तो फल भी वैसा ही मिलता है, इसलिए हर कार्य में जनहित की भावना अनिवार्य है। कथा आरंभ में मुख्य यजमान भगवती देवी-गोविंद प्रसाद मिटावा एवं जयदेव प्रसाद मिटावा ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। मंचन के दौरान शिव विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिस पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवृष्टि कर मनोभाव व्यक्त किए। भगवान राम के जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, विकास रिणवां, पवन जोशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजकों ने आवास, अल्पाहार एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की है। सुबह निकली प्रभात फेरी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मार्ग में धर्मध्वजा पर पुष्पवर्षा, रंगोलियां और दीप प्रज्वलन कर स्वागत किया गया।



सांयकालीन सत्र में संतों के सानिध्य में बालकों को गीता-अभ्यास भी कराया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि कथा के आगामी दिनों में भी भक्ति, ज्ञान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी और समापन अवसर पर सामूहिक हवन का आयोजन प्रस्तावित है।

### शांति समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

## अनैतिक गतिविधियों व नशे को बढ़ावा देने वालों को कतई नहीं बक्शा जायेगाः थाना अधिकारी राममिलन मीणा

जयपुर टाईम्स



**सांभरझील(निसं.)** सांभर थाना परिसर में सोमवार को शांति समन्वय समिति की बैठक का आयोजन थाना अधिकारी राममिलन मीणा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में आगामी धार्मिक आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। थाना अधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ आयोजन को सफल बनाएं।

### नशे और अवैध गतिविधियों पर सख्त रुख

थाना अधिकारी राममिलन मीणा ने स्पष्ट कहा कि "नशे के व्यापार और सेवन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने नागरिकों से अपील की कि कस्बे में नशे और अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस को पूरा सहयोग दें। उन्होंने कहा कि "नशा समाज को खोखला करता है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास करें।" थाना अधिकारी ने चेतावनी दी कि नशे के कारोबारियों और उसे बढ़ावा देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, और किसी भी गलत कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर सांभर पत्रकार संघ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, श्याम रंगीला परिवार सेवा समिति के पराग पोद्दार व अभिषेक बंसल, सांभर व्यापार संघ अध्यक्ष विनोद गटानी, विश्व हिंदू परिषद के हीरालाल तंवर, देवेंद्र भार्गव सहित सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

## बासडी जोगियान के रोहित और प्रियंका को नेशनल तीरंदाजी टीम में मिली जगह

### अब तेलंगाना में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे दोनों तीरंदाज



जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** राजस्थान के तीरंदाज अब तेलंगाना में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर में आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में राज्यभर के 32 सर्वश्रेष्ठ तीरंदाजों में से राजस्थान टीम का चयन किया गया। यह टीम 10 से 19 नवंबर तक तेलंगाना में होने वाली सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस चयन प्रक्रिया में सीएसटी एकेडमी, ग्राम बासडी जोगियान (सांगानेर )के तीरंदाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान के रोहित कुमावत और प्रियंका चौधरी ने शानदार खेल दिखाते हुए राजस्थान टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। संस्था के निदेशक एल.एल. कुमावत ने बताया कि इन तीरंदाजों ने निरंतर कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोहित और प्रियंका तेलंगाना में राजस्थान के लिए पदक जीतेंगे। अब सभी की निगाहें इस जोड़ी पर टिकी हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार है।

## फुलेरा जंक्शन पर पुलिया निर्माण कार्य में देरी से यात्रियों को परेशानी

### दैनिक रेल यात्री संघ ने उठाई आवाज, युद्ध स्तर पर कार्य पूर्ण कराने की मांग




जयपुर टाईम्स

**फुलेरा(निसं.)** अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा जंक्शन पर प्लेटफार्म संख्या 1 से 5 तक यात्रियों की सुविधा के लिए नई पुलिया (फुट ओवर ब्रिज) का निर्माण कार्य पिछले लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। करीब चार वर्ष पूर्व पुरानी पुलिया को तोड़ दिया गया था, लेकिन नई पुलिया का निर्माण अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले छह माह से निर्माण कार्य लगभग ठप पड़ा है। प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर पिलर लगाने हेतु नींव का कार्य पूरा हो चुका है, परंतु अब तक आगे का कार्य शुरू नहीं हुआ। इससे दैनिक यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में यात्रियों को प्लेटफार्म बदलने के लिए पीछे अजमेर साइड की ऊँची पुलिया का सहारा लेना पड़ता है, जिस पर चढ़ना कठिन है। लोगों को लगभग एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर दूसरे प्लेटफार्म तक पहुँचना पड़ता है। दैनिक रेल यात्री संघ (एकीकृत, रजि.) फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव ने बताया कि संगठन ने माननीय रेल प्रबंधक रवि जैन, अपर रेल मंडल प्रबंधक (प्रशासन) गौरव गॉड एवं अपर रेल मंडल प्रबंधक (परिचालन) दीक्षित को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया है। संघ ने मांग की है कि निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

## नवजात बेटे की हत्या मामले में आरोपी मां को किया गिरफ्तार

**चूरू** भरतिया अस्पताल में जन्म के दो घंटे बाद नवजात बेटे की ह, त्या के आरोप में महिला गुड्डी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद कोतवाली थाने के एएसआई सुरेश कुमार के साथ आई महिला पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया। अफसोस की बात यह रही कि गुड्डी के चेहरे पर किसी तरह का कोई मलाल या पछतावा नजर नहीं आया। कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया ने बताया कि 7 नवंबर की देर रात सरदारशहर तहसील के गांव अजीतसर निवासी 40 वर्षीय गुड्डी को उसकी बड़ी बहन, भाई और बड़ी बेटी डीबी अस्पताल लेकर आए थे।



## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-सुजानगढ़

E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक : अअ/जनस्वा/निविदा/2025-26/1566-1583 दिनांक- 30/10/2025

### 'ई' निविदा सूचना संख्या 32 / 2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -ना अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकि 3 तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य को उसी समय पर तकनिकी बिड़ खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड -सुजानगढ़ (डी.डी. ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट httpÑ//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 32/2025-26 | PHE2526WSRC08056 |

(कैलाश चन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
वीजन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़

DIPR/C/16171/2025

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांक :- न. पा. फु/2025-26 / 2050 दिनांकः- 7.11.2025

### आपत्ति सूचना

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निम्नांकित ईजाजत हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री विकास जांगिड पुत्र श्री चन्द्र शेखर जांगिड | व्यवसायिक भूखण्ड न. 07 वाके कृष्णा नगर फुलेरा | 22.22 | 90 क व्यवसायिक |
| 2. | श्री किशन लाल पुत्र श्री नाथूलाल | आवासीय भूखण्ड न. 90 वाके बालाजी विहार द्वितीय श्यामनगर फुलेरा | 158.33 | 90 क आवासीय |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे । बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, फुलेरा



## सांभर एक बार फिर गूंजेगा श्री श्याम के जयकारों से

### बुधवार को निकलेगी भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

### हाथोज धाम पीठाधीश्वर व हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज करेंगे शिरकत

जयपुर टाईम्स





**सांभरलेक(निसं.)** सांभर नगरी एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंगों से सराबोर होने जा रही है। कस्बे में श्री श्याम प्राण प्रतिष्ठा पंचम दिवसीय महोत्सव की तैयारियां पूरे जोश और श्रद्धा के साथ अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। श्री श्याम रंगीला परिवार सेवा समिति के पदाधिकारी दिन-रात जुटकर आयोजन को ऐतिहासिक रूप देने में लगे हुए हैं। समिति अध्यक्ष पराग पोद्दार ने बताया कि कस्बे के नावां रोड स्थित जांदू कृषि फार्म के पीछे करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर में रिद्धि-सिद्धि गणेशजी महाराज, रानी सती दादी और बाबा श्याम की भव्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह मंदिर स्थापत्य कला और भव्यता का अद्भुत संगम है, जो सांभर की धार्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। 12 नवंबर बुधवार को प्रातः न्यू बस स्टैंड स्थित सीता सागर से भव्य विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर नवनिर्मित मंदिर परिसर तक पहुंचेगी, जहां मंत्रोच्चार के साथ वैदिक रीति-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न होगी। इस पावन अवसर पर हाथोज धाम पीठाधीश्वर एवं हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और भक्तों को आशीर्वचन देंगे। महोत्सव के दौरान वैदिक रीति से यज्ञ, हवन, विशाल भंडारा और भजन संध्या का भी आयोजन होगा। समिति ने बताया कि सांभर सहित आस-पास के क्षेत्रों से हजारों श्याम भक्त इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेकर श्रद्धा की अविरल धारा में शामिल होंगे। सांभर लेक इन दिनों पूरी तरह श्याममय हो चुका है – हर ओर "जय श्री श्याम" के जयकारे गूंज रहे हैं और भक्तों में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

## भारत में सनातन क्रांति रेजीमेंट संगठन की ऐतिहासिक स्थापना

जयपुर टाईम्स



**जयपुर(कासं.)** सनातन क्रांति रेजीमेंट द्वारा अखंड हिंदूराष्ट्र सनातन सरकार की स्थापना का संकल्प लेते हुए सनातन क्रांति कीर्ति स्तंभ की स्थापना के साथ सनातन क्रांति वीर पुरस्कार एवं सनातन क्रांति कौरव पुरस्कार की घोषणा करता है सनातन क्रांति में उत्कृष्ट एवं क्रांतिकारी योगदान प्रदान करने वाले क्रांतिवीरों हेतु तथा सभी क्रांति वीरों का नाम सनातन क्रांति कीर्ति स्तंभ में अंकित करने का वचन देता है । सनातन क्रांति रेजीमेंट संगठन की भारत सरकार से निम्न मांगे हैं

भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे ।

भारत में इमामो की सैलरी व मदरसे पूर्ण रूप से बंद हो अन्यथा भारत के समस्त पुरोहितों को वेतन प्रदान किया जाए अन्यथा हमारा संगठन महा आंदोलन को विवश होगा ।

सनातन स्वाभिमान संरक्षण एक्ट तत्काल बनाए ।

भारत सरकार भारत में हो रहे धर्मांतरण पर कठोर कानून बनाकर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाए । सरकार हमारा संगठन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का विरोधी नहीं है किंतु बाबा साहब के नाम पर बने संगठनो द्वारा सनातन स्वाभिमान पर किया जा रहा प्रहार का घोर विरोध करता है ।

हमारा संगठन संविधान निर्माता सर बी एन राव की प्रतिमा स्थापित करने का वचन देता है ।

हमारा संगठन भारत एवं समस्त संगठनों को एक होने का आवाहन करता है जो अखंड हिंदू राष्ट्र एवं सनातन स्वाभिमान हेतु संघर्षशील है उन सभी संगठनों को सहित समस्त संत समाज को सम्मान प्रदान करते करने का वचन देता है ।

भारत सरकार द्वारा इन मांगों पर यदि तत्काल विचार नहीं किया जाता है तो सनातन क्रांति रेजीमेंट देशव्यापी महा आंदोलन करने को विवश होगा।



## आम सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य किशनलाल माली पुत्र उदाराम जाति माली निवासी वार्ड सं07 सुल्तानी कुंआ दूदू रोड सांभरलेक जिला जयपुर हाल निवासी एक्सीडेंट फाटक के पास करणी विहार कॉलोनी के सामने नरेना रोड, सांभरलेक जिला जयपुर की पुत्री सोनू माली मेरे अभिभाष्य के अनुशासन व नियंत्रण में नही रहती तथा सामाजिक व पारिवारिक मर्यादा के अनुसार कृत्य व व्यवहार नही कर रही है तथा अपनी मनमानी करती है तथा अपनी मनमानी करते हुये उसने मेरे अभिभाष्य की बिना अनुमति, सहमति के मेरे अभिभाष्य का घर छोडकर घनश्याम कुमावत पुत्र चम्पालाल कुमावत निवासी ईरोलाव तहसील फुलेरा जिला जयपुर के साथ अन्यत्र कहीं पर चली गयी है। जिसका अता पता मेरे अभिभाष्य को नहीं है। जिससे मेरे अभिभाष्य की मान मर्यादा को ठेस पहुंची है। इसलिए मेरा अभिभाष्य सोजू माली पुत्री किशनलाल माली को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वंचित/ बेदखल करता है तथा सामाजिक रूप से भी सोनू माली को मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार से अलग समझा जावे। सोनू माली मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा के आधार पर किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन /संव्यवहार करती है या चल अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का इकरारनामा, संव्यवहार इत्यादि करती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहार करने वाले व्यक्ति व सोनू माली की स्वयं की होगी। जिसके लिए मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं रहेगा।

सूचनार्थ
तेजपाल कुमार प्रजापत
एडवोकेट सांभरलेक -8890704140

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
11 नवम्बर, 2025

## जयपुर नगर निगम में पहले ही जन्म, मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र के काम नहीं हुए, लोग परेशान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज का जयपुर नगर निगम ग्रेटर दोनों का विलय हो गया है अब सोमवार से एक ही जयपुर नगर निगम के रूप में कार्य शुरू हो गया है लेकिन सॉफ्टवेयर के अपडेट नहीं होने से और जरूरी दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने से सोमवार को लोगों के जन्म मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र जैसे कार्य संपादित नहीं हो पाए जिसकी वजह से दूर दराज से नगर निगम ऑफिस में अपना काम करवाने आए लोगों के चेहरे पर उदासी छा गई जयपुर नगर निगम मुख्यालय में नागरिक सेवा केंद्र पूरी तरह से बंद था लोग आम दिन की तरह यहां अपना जरूरी काम संपादित करने के लिए सोमवार को आए थे । लेकिन जब उन्होंने नागरिक सेवा केंद्र को बंद देखा और वहां पूछताछ की तो लोगों को पता चला कि दोनों नगर निगम का मर्ज हो जाने की वजह से फिलहाल जन्म मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र जैसे कार्य नहीं हो पाएंगे इसके लिए अभी इंतजार करना होगा लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा था कि नगर निगम प्रशासन को इस तरह की सूचना अखबार या सूचना तंत्र के अन्य माध्यम से पब्लिक को देना चाहिए । ताकि पब्लिक को इस तरह से परेशान नहीं होना पड़े उधर जयपुर की संभागीय आयुक्त पूनम ने जयपुर नगर निगम में प्रशासक के पद पर कार्यभार संभाल लिया है पूनम ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आम दिनों की तरह अब भी नगर निगम अब भी वैसे ही काम करेगा साफ सफाई ,रोड, बिजली, सीवरेज जैसे काम पहले हुआ करते थे वैसे ही अब हुआ करेंगे उन्होंने कहा कि उनकी भी प्राथमिकता है कि शहर साफ और सुंदर रहे इसके लिए और भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे नगर निगम की इनकम बढ़ाने संबंधी विकल्पों पर भी काम करेंगे उन्होंने कहा कि शहर के लोगों को बिल्कुल भी किसी भी कार्य के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा ।नगर निगम पहले की तरह काम करता रहेगा।

## गांव की सरकार के 5500 करोड रुपए अटके, सरपंच परेशान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में ग्राम पंचायत में सरपंच प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं लेकिन सरपंचों का कहना है कि ग्राम पंचायत में बजट नहीं होने की वजह से ग्राम पंचायत के विकास कार्य और सफाई पेयजल जैसे कार्य संपादित नहीं हो पा रहे इसलिए राष्ट्रीय सरपंच संघ ने भी इस मामले को राजस्थान सरकार के समक्ष दमदार तरीके से रखा है और कहा है कि प्रदेश की ग्राम पंचायत के बजट करीब 5500 करोड रुपए बाकी हैं यह रकम ग्राम पंचायत को नहीं मिलने से ग्राम पंचायत के काम संपादित नहीं हो पा रहे हैं राष्ट्रीय सरपंच संघ का भी कहना है कि प्रदेश की संपूर्ण ग्राम पंचायत को एफ एफसी की 1400 -1400 करोड रुपए की दो किस्त और एफ एफसी की 1300- 1300 करोड रुपए की दो किस्त का भुगतान अटका हुआ है जिसकी वजह से ग्राम पंचायत में पेयजल और सफाई जैसे कार्य भी बंद पड़े हैं जिसकी वजह से गांव के लोग काफी परेशान हैं उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव भी निर्धारित अवधि में नहीं होने की वजह से सरकार ने जिन ग्राम पंचायत का 5 साल का कार्यकाल पूरा हो गया उन पंचायत में सरपंच को ही प्रशासक के रूप में नियुक्त किया है अभी प्रदेश में निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता शुद्धिकरण का कार्य जारी है इसके अलावा ओबीसी आयोग की रिपोर्ट भी कंप्लीट नहीं हुई है इसी वजह से प्रदेश में नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं हो पा रहे अभी निकट भविष्य में नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव होंगे भी नहीं क्योंकि फिलहाल फरवरी तक निर्वाचन विभाग ने मतदाता शुद्धिकरण के कार्य को कंप्लीट होने की बात कही है कहा यह भी जा रहा है हो सकता है निर्वाचन विभाग फरवरी से आगे भी यह कार्य पूरा करने की अवधि बढ़ा सकता है इसलिए नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव कब होंगे अभी यह कहना काफी मुश्किल है इसीलिए प्रदेश के सरपंच प्रदेश की भजनलाल सरकार से डिमांड कर रहे हैं कि ग्राम पंचायत के लिए जो बजट आवंटित किया गया था उसकी बाकी किस्त तुरंत ग्राम पंचायत को दी जाए जिसकी वजह से गांव का विकास हो सके और गांव में आधारभूत समस्याओं का समाधान हो सके सरपंचों का कहना है कि पैसा नहीं होने की वजह से गांव की सफाई व्यवस्था बिगड़ रही है और पेयजल व्यवस्था भी खराब हो गई है इसलिए जल्दी से जल्दी ग्राम पंचायत को उनका बजट उपलब्ध करवाया जाए ।

## यूडीएच विभाग के इंजीनियरिंग की प्रदेशव्यापी हड़ताल, जेडीए में निर्माण कार्य बंद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** यूडीएच विभाग के इंजीनियरिंग की प्रदेशव्यापी हड़ताल की वजह से जयपुर विकास प्राधिकरण के निर्माण कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं सोमवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के परिसर में कनिष्ठ और वरिष्ठ इंजीनियरों ने सभा का आयोजन किया और हड़ताल के समर्थन में कार्य नहीं किया जिसकी वजह से जड़ा की ओर से संपादित किया जा रहे निर्माण कार्य प्रभावित हुए जानकारी के अनुसार इंजीनियरों की मांग है कि लंबे समय से विभाग में प्रमोशन नहीं किया जा रहे बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं लेकिन सरकार अन्य विभागों से इन पदों को भर रही है जबकि विभाग में पदोन्नति नहीं की जा रही इसी मांग को लेकर प्रदेशव्यापी यह हड़ताल शुरू की गई जानकार लोगों का कहना है कि शहरी निकायों के निर्माण कार्य में इंजीनियरों का बहुत बड़ा योगदान रहता है इसलिए अगर यह हड़ताल लंबी चलती है और इंजीनियर काम का बहिष्कार करते रहेंगे तो फिर निश्चित रूप से प्रदेश भर में नगर निकायों के तहत होने वाले विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित होंगे जिसकी वजह से भजनलाल सरकार की छवि पर भी विपरीत असर पड़ सकता है जयपुर में कॉलोनीयों को विकसित करने और निर्माण कार्यों में इंजीनियरों की बड़ी भूमिका रहती है इंजीनियरिंग के हड़ताल पर जाने से रियल एस्टेट कारोबार भी प्रभावित होता है जिसकी वजह से सरकार को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ सकता है इसलिए इंजीनियरिंग की यह हड़ताल जितनी लंबी संपादित होगी उतनी ही यहां पर सरकार के लिए मुश्किलें बढ़ सकती है । जानकारों का कहना है कि इंजीनियरों कि यह हड़ताल कहीं ना कहीं उचित भी दिख रही है क्योंकि जयपुर विकास प्राधिकरण में बाहर से इंजीनियरों को यहां नियुक्ति दी जाती है जबकि जयपुर विकास प्राधिकरण में पहले से ही जो इंजीनियर तैनात है उनका प्रमोशन नहीं किया जा रहा इस तरह की हालत जयपुर विकास प्राधिकरण में ही नहीं है बल्कि प्रदेश में अन्य जगहों पर भी इसी तरह के हालात हैं इसी वजह से इंजीनियर हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए ।

# अंता में मोरपाल भाया का मोरिया बुलाएंगे या भाया चौका लगाएंगे?

## आज सुबह 7:00 से मतदान, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट पर आज हो रहे उपचुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं आज सुबह 7:00 से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी । वोटो की गिनती 14 नवंबर को होगी इस सीट पर मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही माना जा रहा है लेकिन नरेश मीणा के रोड शो और जनसभाओं में उमड़ी-भारी भीड़ को देखते हुए राजनीति के जानकार लोग इस मुकाबले को त्रिकोणीय भी बता रहे हैं अब यह तो 14 नवंबर को ही पता चलेगा कि यहां इस सीट पर जीत का सेहरा किसके सर बंधने जा रहा है फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकार जहां भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित बता रहे हैं तो कांग्रेस पार्टी के नेता प्रमोद जैन भाया की जीत को पक्का बता रहे हैं ।उधर नरेश मीणा के समर्थकों का कहना है कि इस बार नरेश मीणा राजस्थान विधानसभा का मुंह जरूर देखेगा । भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी



प्रमोद जैन भाया पांच बार चुनाव लड़ चुके हैं जिसमें तीन बार विधायक भी चुने गए हैं दो बार कांग्रेस पार्टी के टिकट पर और एक बार शुरू में 2003 में निर्दलीय तौर पर विधायक चुने गए थे इसलिए भाजपा के नेता चुनावी सभा में यह कह रहे थे कि मोरपाल सुमन प्रमोद जैन भाया का मोरिया भुला देंगे तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के नेता मोरपाल सुमन का मोरिया बुलाने की बातें कह रहे थे अब कौन किसका मोरिया बुलाएगा यह 14 तारीख को पता चलेगा फिलहाल कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के आगे के



पोलिटिकल कैरियर को दिशा देने के लिए यह चुनाव उनकी प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है हालांकि प्रमोद जैन भाया तीन बार विधायक रह चुके हैं सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं इलाके के काफी लोकप्रिय नेता भी माने जाते हैं इसलिए कांग्रेस पार्टी ने उन्हें फिर से टिकट दिया है जबकि पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से 5000 वोटो से हार गए थे लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी ने प्रमोद जैन भाया को फिर से टिकट दिया लेकिन वर्तमान में प्रमोद जैन भाया और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कई गंभीर मामले पुलिस में दर्ज हैं इनका जिक्र चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कई बार किया है तो दूसरी तरफ मोरपाल सुमन बिल्कुल साधारण परिवार के और जमीन से जुड़े नेता माने जाते हैं सुमन के लिए भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेताओं ने यहां आकर चुनाव प्रचार भी किया रोड शो भी किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा, राजे मदन राठौड़, राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और संगठन से जुड़े कई बड़े नेता और कई विधायकों ने यहां उनका जोरदार तरीके से चुनाव प्रचार किया। वसुंधरा राजे और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह ने यहां दमदार तरीके से अपनी उपस्थिति दिखाकर मोरपाल सुमन के लिए घर-घर जाकर वोट भी मांगे इसलिए इस बार प्रमोद जैन भाया को यहां फिर से बड़ी चुनौती मिल रही है अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रमोद जैन भाया यहां जीत का चौका मार पाएंगे या फिर मोरपाल सुमन अपने ओपनिंग टेस्ट मैच में ही बड़ा धमाका करके राजस्थान विधानसभा में पहुंचेंगे वैसे भारतीय जनता पार्टी ने यहां बहुत ही चतुराई से जातिगत और क्षेत्रवाद समीकरण साधते हुए यहां पर चुनाव प्रचार के लिए अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग नेताओं की जिम्मेदारी सुनिश्चित की थी दूसरी तरफ चुनाव प्रचार में कहीं ना कहीं प्रमोद जैन भाया भाजपा प्रत्याशी की तरह अपने चुनाव प्रचार को गति नहीं दे पाए लेकिन प्रमोद जैन भाया के बारे में कहा जाता है कि जो वोट उन्हें मिलने हैं वह वोट उन्हें ही मिलेंगे चाहे कोई कितना ही रोड शो निकाल ले या फिर चाहे कोई कितना ही चुनावी सभाएं आयोजित कर ले क्योंकि कांग्रेस प्रत्याशी पांचवीं बार यहां से चुनाव लड़ रहा है वह तीन बार यहां से विधायक रह चुका है इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी कि यहां पर पहले से ही जोरदार फील्डिंग जमी हुई है इसके अलावा नरेश मीणा की सभाओं में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई इसलिए जानकार लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं नरेश मीणा को भी यहां अच्छी संख्या में वोट मिलेंगे। नरेश मीणा कांग्रेस और भाजपा में जिस भी प्रत्याशी का यहां वोट काटेंगे उस प्रत्याशी की जीत के रास्ते काफी मुश्किल बन जाएंगे। जानकारी के अनुसार इस सीट पर करीब 2 लाख से ज्यादा मतदाता हैं और आज 268 मतदान स्टेशन पर वोटिंग होगी और 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है

## नगर निकायों में एक आयुक्त और एक अतिरिक्त आयुक्त की होगी नियुक्तिः झाबर सिंह खर्रा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में जयपुर कोटा और जोधपुर में एक नगर निगम के तौर पर काम शुरू हो चुका है संबंधित संभागीय आयुक्त प्रशासक के रूप में नियुक्त कर दिए गए हैं और जल्दी ही प्रदेश के सभी नगर निकाय में एक आयुक्त और एक अतिरिक्त आयुक्त की नियुक्ति भी की जाएगी। खर्रा ने एक सवाल के जवाब में बताया कि राजस्थान सरकार और स्वास्थ्य शासन विभाग की ओर से नगर निकाय चुनाव करवाने संबंधी सभी कार्य पूरे कर लिए गए हों जिस दिन ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और निर्वाचन आयोग का कार्य पूरा हो जाएगा उस दिन सरकार एक प्रदेश एक चुनाव की अवधारणा के तहत निर्वाचन विभाग को प्रदेश में सभी 309 नगर निकाय के चुनाव करने संबंधी अनुशंसा भेज देगी ।उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव नहीं होंगे तब तक शहरी जनता के काम अब से पहले जिस तरह से हुआ करते थे वैसे ही अब हुआ करेंगे और नई व्यवस्था में और नए बदलाव में जो कुछ कमियां और सुधार की गुंजाइश है उन्हें दूर कर लिया जाएगा ।यूडीएच मिनिस्टर ने कहा कि सरकार नगर निकाय के चुनाव करवाने को लेकर पहले भी तैयार थी



और अब भी तैयार है । सरकारी स्तर पर कहीं भी कोई कमी नहीं है निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता शुद्धिकरण का कार्य जारी है और ओबीसी आयोग की रिपोर्ट का आना अभी बाकी है ।इसीलिए नगर निकाय के चुनाव नहीं हो पा रहे उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव करवाने को लेकर पूरी तरह से तैयार है एक अन्य सवाल के जवाब में यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जयपुर, कोटा और जोधपुर में पहले की तरह एक ही नगर निगम के रूप में कार्य शुरू हो गया है और अब जब चुनाव होंगे तो एक ही मेयर होगा और मेयर का चुनाव चुने हुए पार्षद करेंगे उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए नगर निगम के प्रशासक की ओर से जो भी कोई प्रस्ताव और सुझाव आएंगे सरकार उन पर कार्रवाई करेगी।

## एसीबी ने केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर के दलाल को पकड़ा, इंस्पेक्टर फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने कोटा स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक कार्यालय में रविवार की रात को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कोटा में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर के दलाल को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है हालांकि एसीबी की इस कार्रवाई के दौरान रात के अंधेरे का फायदा उठाकर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो का इंस्पेक्टर हितेश कुमार रिश्वत के तीन लाख रुपए लेकर भाग गया था लेकिन रिश्वत कि इस रकम में 100000 रुपए और मोबाइल नीचे गिर गए जिसमें 20000 रुपए के असली और 80000 रुपए के नकली नोट थे जिन्हें एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है फरार इंस्पेक्टर हितेश कुमार की तलाश की जा रही है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी कि कोटा में भवानी मंडी स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधीक्षक कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर हितेश कुमार ने उसके पिता को घर से उठाया और अवैध गांजा के मामले में कार्रवाई करने की बात कही तथा परिवादी से उसके पिता के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने की बात कही परिवादी ने अपनी शिकायत में कहा कि अकरम हुसैन नाम के एक व्यक्ति ने उसे कहा कि अगर वह तीन लाख रुपए रिश्वत के दे देगा तो उसके पिता के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे जिस पर एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई गई शिकायत में यह भी कहा कि अगर उनके पास 300000 रुपए होते तो वह




अपने पिता को रिश्वत देकर छुड़ा भी लेते लेकिन उनके पास पैसे नहीं है जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाने के लिए अपने स्तर पर नकली नोट का इंतजाम किया था एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शिकायत के सत्यापन के उचित पाए जाने पर आरोपी इंस्पेक्टर और उसके दलाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की इस योजना के तहत रविवार की रात परिवादी ने इंस्पेक्टर के दलाल अकरम हुसैन को 3 लाख रुपए दे दिए थे इस बीच एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अकरम हुसैन को तो मौके पर ही पकड़ लिया लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर हितेश कुमार रिश्वत की रकम लेकर फरार हो गया हितेश कुमार को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम उसके पीछे भागने लगी इसके बाद हड़बड़ाहट में हितेश कुमार के हाथों से 1 लाख रुपए नीचे गिर गए लेकिन बाकी के 200000 रुपए उसके पास रह गए जिसमें 10000 रुपए के असली और 190000 रुपए के नकली नोट है खबर लिखे जाने तक इंस्पेक्टर हितेश कुमार एंटी करप्शन ब्यूरो की पकड़ से बाहर था।

## फिर सुभाष चौक में इमारत गिरीः मजदूर दबे, इलाके में दहशत

### अवैध रूप से जीरो सेट बैक पर हो रहा था बिल्डिंग में निर्माण कार्य, सो रहा नगर निगम प्रशासन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सोमवार को जयपुर में फिर से एक ही नगर निगम ने कार्य शुरू कर दिया है संभागीय आयुक्त ने सोमवार को ही प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाला और सोमवार को ही जयपुर के सुभाष चौकइलाके में बहु मंजिल भवन गिर गया भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। जीरो सेट पर पर निर्माण कार्य संपादित हो रहा था जो कहीं ना कहीं नगर निगम प्रशासन की लापरवाही को भी दर्शाता है नगर निगम के पास सतर्कता विभाग की एक बड़ी टीम होती है इसके अलावा जॉन कमिश्नर भी होते हैं जिनकी जिम्मेदारी अवैध निर्माण और अतिक्रमण को रोकना होती है लेकिन यहां जयपुर के सुभाष चौक इलाके में सोमवार को दिन में बहु मंजिल भवन अचानक गिर गया जिस समय भवन गिरा उस समय भी भवन में निर्माणकार्य जारी था शुरू में जब भवन गिरा उस समय माना जा रहा था कि 4 से 5 लोग मलबे के नीचे दबे हो सकते हैं इसलिए सूचना मिलने के बाद पुलिस नगर निगम और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची मौके पर एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया और युद्ध स्तर पर मलवा हटाने का काम शुरू हुआ जिसमें दो से तीन मजदूरों को मलबे से निकालकर अस्पताल में पहुंचाया गया है हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारी खबर लिखे जाने तक इस हादसे में किसी के मरने की पुष्टि नहीं कर रहे थे लेकिन ऐसा बताया जा रहा है कि इस हादसे में एक जने की मौत हो चुकी है हालांकि आधिकारिक रूप से मौत पुष्टि नहीं की गई थी। जानकारी के अनुसार इस भवन का निर्माण कार्य पिछले कई दिनों से संपादित हो रहा था और जानकारी यह भी मिली है कि निर्माण कार्य के लिए नगर निगम से कहीं ना कहीं स्वीकृति नहीं ली गई जबकि नियम के मुताबिक जयपुर के चार दिवारी इलाके में नए निर्माण नहीं किया जा सकते हालांकि मरम्मत का कार्य जरूर किया जा सकता हो नगर निगम की परमिशन लेकर लेकिन यहां बताया जा रहा है कि इस भवन के निर्माण के लिए भवन मालिक ने नगर निगम से स्वीकृति नहीं ली जीरो सेटबैक पर निर्माण होना नियमों के खिलाफ है इसलिए यहां यह सवाल भी खड़ा होता है कि जब यहां कई दिनों से निर्माण कार्य जारी था तो फिर यहां पर नगर निगम प्रशासन की ओर से कार्रवाई क्यों नहीं की गई ।

## प्रेमिका के घर के सामने प्रेमी ने अपनी गाड़ी में ही आग लगाकर आत्मदाह किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर में पुरानी आबादी शहर में एक युवक ने अपनी प्रेमिका के घर के सामने ही अपनी गाड़ी में आग लगाकर आत्मदाह कर लिया आत्मदाह का यह पूरा दृश्य मौके पर स्थित सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची गाड़ी की आग को बुझाया गया लेकिन गाड़ी में ही सुरजीत नाम का युवक जिंदा जल गया पुलिस की प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि यह युवक जिस जगह पर जिंदा जला है उसके सामने उसकी प्रेमिका का मकान है जो 3 साल से उसके साथ रह रही थी मौके पर पुलिस को जो दस्तावेज मिले हैं उसमें सुरजीत के पिता का नाम राजेंद्र सिंह है लेकिन अलग-अलग दस्तावेज में अलग-अलग एड्रेस हैं इसलिए पुलिस ऐड्रेस के बारे में ठोस जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है ताकि मृतक के परिजनों को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी जाए पुलिस ने मृतक जिस महिला के साथ रहता था उससे पूछताछ की है जिसमें महिला ने स्वीकार किया है कि मृतक उसके साथ पिछले 3 साल से रह रहा था लेकिन वह मृतक के परिजनों के बारे में ज्यादा नहीं जानती । सीसीटीवी कैमरे में जो दृश्य कैद हुआ है उसमें बाकायदा जलती हुई गाड़ी दिख रही है और वहां मौजूद दो-तीन लोग जिसमें एक महिला भी पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास करती हुई दिख रही है पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतक के परिजनों से पूछताछ की जाएगी इस मामले में परिजन आगे जो भी कार्रवाई करेंगे उसके बाद पुलिस भी आगे की कार्रवाई को अंजाम देगी फिलहाल किस वजह से मृतक ने आत्मदाह किया यह पता लगाया जा रहा है पुलिस को संदेह है कि कहीं ना कहीं मृतक और उसकी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर टकराव के हालात बन गए होंगे या फिर कोई और वजह है अभी पुलिस की जांच जारी है ।

## एसीबी ने राजीविका मिशन ब्लॉक प्रभारी और सहयोगी को 20 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने प्रदेश के झुंझुनू जिले में चिड़ावा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए सोमवार को राजीविका मिशन की ब्लॉक प्रभारी रेणुका और सहयोगी धर्मेंद्र को20000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रेनू का और सहयोगी धर्मेंद्र ने आशा सहयोगिनी का 9 महीने के पेमेंट का भुगतान करने के बदले 25 000 हजार रुपए की रिश्वत के डिमांड की थी जिसकी शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यालय में दर्ज करवाई गई ब्यूरो के अधिकारियों ने शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने दोनों आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक योजना तैयार की किसी योजना के तहत सोमवार को एसीबी की टीम ने 20000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रेणुका और धर्मेंद्र दोनों को दबोच लिया जानकार लोगों का कहना है कि आशा सहयोगिनियों को बहुत कम वेतन मिलता है इसमें भी जिस तरह से उनके पेमेंट के लिए रिश्वत की मांग बड़े अधिकारियों की ओर से की जाती है यह शर्म नाक है क्योंकि आशा सहयोगिनी ग्रामीण इलाकों से ताल्लुक रखती हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी ज्यादा अच्छी नहीं रहती इसके अलावा अपने परिवार के जरूरी काम छोड़कर ड्यूटी देने आती हैं इसके बाद भी जब 9 महीने तक इन्हें पेमेंट नहीं मिले तो फिर कहीं ना कहीं व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होना लाजमी है उसमें भी अपने पेमेंट के लिए आशा सहयोगियों को रिश्वत देनी पड़े तो इससे बुरी बात और क्या हो सकती है ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग ने पकड़ा जोर : प्रधान संघ का ज़िला मुख्यालय पर प्रदर्शन, कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (नि.सं.)** । राजस्थान प्रधान संघ ने पंचायत राज संस्थाओं में समानता के सिद्धांत की मांग करते हुए सोमवार को ज़िला मुख्यालय पर ज़ोरदार प्रदर्शन किया। संघ ने निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग उठाई और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ का तर्क है कि जिस प्रकार ग्राम पंचायतों में निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया गया है, वही व्यवस्था पंचायत समितियों और ज़िला परिषदों में भी लागू होनी चाहिए ताकि प्रशासनिक निरंतरता बनी रहे और विकास कार्य न रुकें। प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि यह मांग राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 और राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत संचालित त्रि-स्तरीय व्यवस्था में समानता लाने के लिए की जा रही है।



प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सूंडा ने बताया कि राज्य की कई ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव नहीं हो पाए। ऐसे में राज्य सरकार ने अधिनियम की धारा 95 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक और वार्ड पंचों को प्रशासकीय समिति का सदस्य नियुक्त किया है। सूंडा ने कहा कि जब ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां और ज़िला परिषदें एक ही अधिनियम के अंतर्गत आती हैं, तो पंचायत समितियों और ज़िला परिषदों के कार्यकाल समाप्त होने पर अलग व्यवस्था रखना न्यायसंगत नहीं होगा।

### विकास कार्यों की निरंतरता का तर्क

प्रधान संघ का मानना है कि पंचायत राज प्रणाली में प्रधान और समिति सदस्य ही ज़मीनी स्तर पर योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक जानकारी रखते हैं। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय प्रशासनिक नेतृत्व के बिना पंचायत समितियों को छोड़ा गया, तो विकास कार्य ठप पड़ जाएंगे और ग्रामीण जनता को सीधा नुकसान होगा। नवलगढ़ प्रधान और प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सूंडा ने कहा कि निवर्तमान प्रधानों की प्रशासक के तौर पर नियुक्ति से प्रशासनिक कार्य सुचारु रहेंगे और सरकारी योजनाएं बाधित नहीं होंगी।

### सरकार को चेतावनी

प्रदर्शन के दौरान, प्रधानों ने राज्य सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रशासक की नियुक्ति से जनकल्याण योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान होगा। अधिनियम की धारा 95 का हवाला देते हुए, संघ ने आग्रह किया कि सरकार इस अधिकार का प्रयोग कर ग्राम पंचायतों की तरह ही पंचायत समितियों में भी अंतरिम व्यवस्था लागू करे, ताकि निर्वाचित निकायों का कार्यकाल समाप्त होने और नए चुनाव होने के बीच प्रशासनिक खालीपन न रहे। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि इस विषय में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो राज्यभर का प्रधान संघ व्यापक आंदोलन करेगा।

## तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(नि.सं.)** तारानगर के पिलानिया में स्तिथ प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में तीन दिवसीय कार्य शाला का आयोजन हुआ जिसमें श्रम विभाग द्वारा सरकार की रेम्प योजना के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागयों को वुड फर्नीचर इंडस्ट्रीज पर ले जाकर वहाँ का अवलोकन करवाया गया एवं सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। रामनिवास प्रजापत व महेन्द्र छिम्पा ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रजापत ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में सभी प्रतिभागियो को सशक्त बनाने, उन्हें नई तकनीक एवं प्रबंधन के साथ जोड़ना बताया गया।

## टांई में कृष्ण भोग कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा ।(नि.सं.)** पीएम शहीद मेजर रणवीर सिंह - बाबा केशरनाथ राउमावि टांई में सोमवार को शिक्षा विभाग के नियमानुसार वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक रामधन सिंह की ओर से अपने 60 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को कृष्ण भोग करवाया गया । कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी अशोक शर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिसिंह , स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने रामधन सिंह को जन्मोत्सव की बधाई देते हुए उनके दीघीयु और स्वस्थ जीवन की कामना की है ।

## पढ़-लिखकर बनें सुनागरिक: कमलेश सिंघल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय रघुनाथ राज जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं के 45 बच्चों को नोट बुक्स वितरीत की गई हैं। प्रधानाचार्य कमलेश कुमार सिंघल ने बच्चों को नोट बुक्स वितरीत करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण कर व सुनागरिक बनकर देश व समाज का नाम रोशन करें। सुप्रीम फाउण्डेशन की ओर से आयोजित शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम में शिक्षक प्रतापसिंह, ललिता डारा, बबीता, फाउण्डेशन के पृथ्वीराज, मनोज कुमार, साहिल खान, जयराज, माया, भारती आदि मौजूद रहे।

## मण्डावा : बाल संसद चुनाव में भवानी यादव जीते



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(नि.सं.)** सेठ श्री डेडराज ढाढणियां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा में सोमवार को बाल संसद के चुनाव विधिवत रूप से हुए। चुनाव पार्टी की पीठासीन अधिकारी संगीता नायक , प्रधानाचार्य पवन कुमार , पी ओ -1 रणवीर सिंह बुडानिया , वरिष्ठ अध्यापक , पी ओ-2 निकिता दरोगा , व्याख्याता , पी ओ-3 माया शर्मा थे। मतदान 11 बजे से 2 बजे तक सम्पन्न हुआ। 2:15 बजे से मतगणना शुरू हुई। मतगणना रिटर्निंग अधिकारी पवन कुमार प्रधानाचार्य , राजपाल सिंह श्योराण उप-प्राचार्य एवं संदीप कुमार गुवारिया उप-प्राचार्य की देखरेख में सम्पन्न हुई। कुल 142 वोट पड़े। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार भवानी यादव को 51 वोट मिले एवं सोनू को 37 वोट मिले। भवानी यादव 14 वोटो से विजयी हुआ। सम्पूर्ण चुनाव कार्य संजय कुमार महला ,अध्यापक की देखरेख व व्यवस्था में संम्पन हुआ। अंत में प्रधानाचार्य पवन कुमार ने समस्त विधालय परिवार व विधार्थियों को धन्यवाद दिया।

## जमालपुरा में ही पेयजल टंकी का निर्माण करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** अृमत योजना के दूसरे फेज के तहत जमालपुरा में बनने वाली 9 लाख लीटर पानी की क्षमता वाली टंकी का निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए पार्षद प्रतिनिधि जावेद खिची के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा से मिला है। अनेक पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में जिला कलक्टर को बताया गया है कि जमालपुरा सुजानगढ़ के अंतिम छोर पर बसा हुआ क्षेत्र है और यहां पर जलदाय विभाग द्वारा 9 लाख लीटर पेयजल क्षमता की टंकी स्वीकृत है। लेकिन जलदाय विभाग के सहायक अभियंता और अधिशाषी अभियंता राजनीतिक दबाव में आकर टंकी को गत्ता फैक्ट्री के पास बनवाना चाह रहे हैं। जबकि यहां से चार सौ मीटर दूरी पर एक टंकी पहले से ही 4 लाख लीटर की स्वीकृत है। ऐसे में एक ही जगह पर दो पानी की टंकियों के निर्माण का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। इसलिए जहां के लिए डीपीआर और टेक्नीकल सेंक्शन की गई है, वहां पर ही टंकी का निर्माण करवाया जावे। क्योंकि इससे जमालपुरा, रहमत नगर, चांद नगर के लोगों को पीने का पानी मिलेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजनीतिक दबाव को दरकिनार कर जमालपुरा में ही पेयजल टंकी का निर्माण करवाया जावे। ज्ञापन सौंपते वक्त इरफान खान, सोहेल खान, समीर खान आदि मौजूद रहे। ज्ञापन पर सभापति निलोफर गौरी, पार्षद जहरा बानो, राकेश तंवर, आरिफ भाटी, मोबिना, मो. जुल्कर, रूबिना खातून, मधु बागरेचा, जितेंद्रसिंह सहित अनेक पार्षदों के हस्ताक्षर हैं।

## कृषि भूमि का अकृषि उपयोग करने पर दिए नोटिस

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** कृषि भूमि का अकृषि उपयोग करने वाले खाता धारकों अर्थात् कृषि भूमि पर कोलोनी काटने वाले खाता धारकों को तहसील कार्यालय से नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस बारे में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि गश्त गिरदावरी के दौरान शहर व ग्रामीण तथा गुलेरिया, बोबासर बीदावतान, ठरड़ा, रणधीसर आदि पटवारियों से कृषि भूमि पर कोलोनियां कटने की रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसके बाद प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर कृषि भूमि का अकृषि उपयोग करने वाले खाता धारकों को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है कि वो बिना कन्वर्जन के अकृषि उपयोग क्यों कर रहे हैं। तहसीलदार ने बताया कि इस प्रकार के कुल 50-60 खसरे हैं, जिन पर स्थगन जारी कर खातेदारों को नोटिस भेजा गया है। इसके बाद आगामी कार्यवाही की जायेगी।

## रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव घोटड़ा व नेहरों की ढ़ाणी के निवासियों ने तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक को एक ज्ञापन सौंपकर खसरा नंबर 144 पर चले आ रहे रास्ते को खुलवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुरेंद्र बनाम उगम कंवर प्रकरण में 14 अक्टूबर को फैसला आ गया है और इस निर्णय की पालना में रास्ता खुलवाया जावे। ज्ञापन में बताया गया है कि तहसीलदार द्वारा दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को भू अभिलेख निरीक्षक बडाबर व पटवारी हल्का भानीसर तेज सिंहोतान से उक्त विवादित रास्ते को खुलवाकर तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अतः जल्द से जल्द रास्ता खुलवाया जावे। ज्ञापन पर सुरेंद्र, डूगरमल, मांगीलाल, जगदीश, कुनणमल, शिवरतन, मनोज, पुरणाराम, अंकित, गोमाराम, लालचंद, अंकित, रजनीश, कानाराम, मालाराम आदि के हस्ताक्षर हैं। दूसरी ओर इस मामले में तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि यह सही है कि प्रकरण में तहसील कार्यालय से फैसला हो गया था, लेकिन इसके बाद एडीएम कार्यालय में मामले की अपील हो गई है।

## एसड़ीपी में वार्षिक उत्सव "त्रिवेणी" कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(नि.सं.)** श्री सनातन धर्म पंचायत उमावि, मण्डावा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग, एसडीएम मुनेश कुमारी,तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर, CBEO अशोक शर्मा आदि मंचासीन अतिथि थे कार्यक्रम के अध्यक्ष कोलकाता प्रवासी उधमी अतुल चूड़ीवाल ने की । आयोजन में दिल्ली से आए हुए आर्किटेक्ट चंद्र मलिक जो योगा टीचर भी हैं श्यामला मणि जी जो विज्ञान और पर्यावरण पर शोध करती हैं शर्मिला अंतरराष्ट्रीय लेखिका, अभिजीत जी सिंह अंतरराष्ट्रीय पत्रकार आदि उपस्थित थे आध्यात्मिक गुरु चैतन्य गिरी महाराज, महेश बसावटिया, उपस्थित शिक्षाविद्ध श्रीराम शर्मा, भोला सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, नपा अध्यक्ष नरेश सोनी, वंदना गौतम, संदीप शर्मा, रामस्वरूप चौपदार, डा.आरआर शर्मा, सज्जन शर्मा, भोला सिंह सहित अनेक गण मान्य लोग उपस्थित थे । उल्लेखनीय है की आरम्भ में छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया । अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शिव तांडव, राम कथा, फौज का शौर्य प्रदर्शन, पहलगाम आक्रमण, और उसमें शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अभिव्यक्त की गई इसके अलावा छात्र-छात्राओं की अभूतपूर्व प्रस्तुति को देखकर के सभी अभी भूत हुए कार्यक्रम का संचालन सुमन देवड़ा और डॉक्टर विद्या पुरोहित ने किया । तेरी मिट्टी में मिल जावा से लेकर राम आए हैं की प्रस्तुति बड़ी ही भावपूर्ण रही ।अंत में सभी ट्रस्टी गण ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया । ज्ञात रहे पवन देवड़ा कार्यकारी ट्रस्टी ने सभी महानुभावों का माल्यार्पण कर स्वागत किया मेहमानों को सफा दुपट्टा भी पहनाया स्वागत किया ।

## रात्रि चौपाल की तिथि में बदलाव, अब 14 नवंबर को होगा आयोजन



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं** पंचायत समिति अलसीसर की ग्राम पंचायत बाडेट में 11 नवंबर को प्रस्तावित रात्रि चौपाल कार्यक्रम की तिथि में संशोधन किया गया है। अब यह रात्रि चौपाल जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में 14 नवंबर को ग्राम पंचायत मुख्यालय बाडेट में आयोजित की जाएगी।

## ब्रह्मोत्सव में हुआ भगवान का विवाह



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय वेंकटेश्वर तिरूपति बालाजी मंदिर में चल रहे 29 वें ब्रह्मोत्सव के पांचवें दिन सोमवार को प्रातः पूजा (अभिषेक), पूजा, हवन, उत्सव, पाठ, भोग, आरती, हवन, पाठ, उत्सव, गोष्ठी, कल्याणोत्सव (भगवान का विवाह), भव्य भजन, शेषनाग सवारी, भोग आरती, गोष्ठी आदि के धार्मिक अनुष्ठान हुए। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि दक्षिण भारतीय विद्वान पंडित कृष्ण कुमार भट्टर के आचार्यत्व में विद्वान पंडितजनों द्वारा सभी कार्यक्रम सम्पन्न करवाए जा रहे हैं। ट्रस्टी अविनाश जाजोदिया ने बताया कि 11 नवंबर मंगलवार को चक्रस्नान, पूर्णाहुति, पुष्प अभिषेक, गरूड़ वाहन पर भगवान वेंकटेश्वर के भव्य दर्शन, ध्वजारोहण, गोष्ठी, आरती, प्रसाद आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। मंदिर के व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हरिराम शर्मा, अशोक कुमार उपाध्याय, पुजारी नवरतन शर्मा, पुजारी दिलीप कुमार, मुकुन सिंह, नरेन्द्र सिंह, पवन कुमार, चंपालाल माहेश्वरी, बजरंगलाल, शिवभगवान, लालचंद नाई धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न करवाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## बचपन प्ले स्कूल के नन्हें बच्चों ने किया बीदासर थाना का शैक्षणिक भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर (नि.सं.)**-बचपन प्ले स्कूल के नन्हें बच्चों ने आज स्थानीय बीदासर थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने पुलिस विभाग के कार्यों और उसकी जिम्मेदारियों को नज़दीक से देखा तथा जाना कि पुलिस शहर में शांति, सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए कैसे सतत कार्य करती है। थाने के कांस्टेबल राजकुमार ने बच्चों को थाना परिसर का भ्रमण करवाते हुए कंप्यूटर कक्ष, महिला डेस्क, रिकॉर्ड रूम, मेस और सभाकक्ष आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर रहती है और अपराधियों में कानून का भय बनाए रखती है। इस अवसर पर थाना इंचार्ज सी.आई. दिलीप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि "हर नागरिक को सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। छोटे बच्चे भी अपने माता-पिता को सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने की प्रेरणा दें।" वहीं हेड कांस्टेबल महेश कुमार ने बच्चों को अनुशासन और समय की पाबंदी का महत्व समझाया, जबकि वकील सलाहकार ज्योति राठौड़ ने बच्चों से कहा कि "कानून का सम्मान करना और अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझना एक अच्छे नागरिक की पहचान है।" बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और पुलिस कार्यप्रणाली को जानने में गहरी रुचि दिखाई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे भ्रमण से बच्चों में सामाजिक जागरूकता, कानून के प्रति सम्मान और अनुशासन की भावना विकसित होती है।

## झुंझुनूं कलेक्ट्रेट में एक साथ गाया वंदे मातरम्:कलेक्टर बोले- हमारी भावना समाज को लौटाने की होनी चाहिए

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलेभर में सोमवार को कई प्रोग्राम हुए। इसी के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रोग्राम में सामूहिक 'वंदे मातरम्' गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राष्ट्रप्रेम की धुनों से गूंजते माहौल में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत गाया और एकता, स्वावलंबन व समर्पण का संदेश दिया। शिक्षा को हां-बाल विवाह को ना का संकल्प, कलेक्टर ने दिलाई आत्मनिर्भरता की शपथ कलेक्टर ने दिलाई आत्मनिर्भरता की शपथ कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सभी को आत्मनिर्भरता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हर सरकारी कर्मचारी को सेवा भाव से कार्य करते हुए समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हमारा लक्ष्य केवल व्यक्तिगत प्रगति नहीं, बल्कि समाज को कुछ लौटाने की भावना होनी चाहिए'। कलेक्टर ने शासनिक पारदर्शिता, जनसहभागिता और सेवा भाव को सुशासन की कुंजी बताया। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्योला, एडीएम, एसडीएम, पुलिस अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, अभिभाषक संघ के प्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे। सभी ने एक साथ 'शिक्षा को हां, बाल विवाह को ना' का संकल्प लिया। युवाओं को जागरूक करने के लिए तैयार किए गए विशेष पोस्टर का विमोचन कलेक्टर डॉ. गर्ग और विप्लव न्योला ने संयुक्त रूप से किया। कलेक्ट्रेट गूंजा वंदे मातरम्। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और स्टूडेंट भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने विशेष देशभक्ति झांकी और तिरंगा रैली भी निकाली। तीन रंगों से सजे परिधान और देशभक्ति नारों के साथ बच्चों की यह रैली पूरे परिसर में राष्ट्रप्रेम की नई ऊर्जा भर गई। रैली में 'जय हिंद', 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे।

## मण्डल ने चयनित खिलाड़ियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** नई सड़क पर महाराणा प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर नई सड़क व्यापार मंडल चयनित खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमावत ने युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों में भाग लेना चाहिए। युवा खेल के माध्यम से अपनी पहचान देश व विश्व में बना सकता है। कुमावत ने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं को देश सेवा में आने मौका मिल सकता है। इस मौके पर मंजू राठी,आनंद राठी,लक्ष्मीनारायण राठी,पूर्ण प्रजापत,सचिन प्रजापत,रोहित प्रजापत,नितेश सैनी आदि ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर नगरपरिषद कार्यालय पर धरना शुरू



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर वार्ड न. 5 के लोगों ने कॉमरेड जगदीशनाथ के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया। कॉमरेड जगदीश नाथ ने बताया कि लालजी सांखला के घर से कालूजी खाती के घर तक सड़क बनवाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है और इसी को लेकर धरना शुरू किया गया है। इसी प्रकार नाली क्रोस की मांग भी की जा रही है। धरने पर मौजूद लोगों ने नारेबाजी की और कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार को मुख्यमंत्री को नाम ज्ञापन सौंपकर जन समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इस दौरान बताया गया कि जब तब मांगे नहीं मानी जाती है, तब तक धरना जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान निर्मल कुमार, संजय नाथ, अरूण, रामाकिशन, राजू जाखड़, दिनेश प्रजापत, राजेंद्र, राजकुमार, सुनील, भागीरथ, लालचंद, शंकरलाल, भंवरलाल, चन्द्रप्रकाश, गोपाल, मुकेश, विनोद, बाबूलाल, धीरज, तिलोक, जगदीश आदि मौजूद रहे।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु "हमारी पहल" अभियान की शुरुआत



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिले में बाल विवाह को रोकने हेतु चलाये जा रहे "हमारी पहल" अभियान की शुरुआत सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग द्वारा की गई । यह अभियान गर्ल्स नॉट ब्राइड्स राजस्थान स्टेट पार्टनरशिप के अंतर्गत कल्प द्वारा समन्वित की जा रही है, जो प्रदेश के 16 जिलों में साझेदार संस्थाओं के सहयोग से लैंगिक समानता और बाल विवाह समाप्ति के लिए कार्यरत है। हमारी पहल अभियान को जिला स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए चयनित युवा नेतृत्वकर्ता युवक एवं युवतियों द्वारा जिले में संचालित किया जायेगा। इस अभियान के पोस्टर को जिला कलेक्टर द्वारा जारी किया गया । इस अवसर पर अभियान को जिले में संचालित करने वाले चयनित युवा नेतृत्वकर्ता भी उपस्थित रहे जो कि रचनात्मक माध्यमों, जनसंवादों और स्थानीय पहलों के ज़रिए बाल विवाह उन्मूलन और बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे। कल्प के सचिव डॉ. ओमप्रकाश कुलहरि ने जिला कलेक्टर के साथ अभियान के उद्देश्यों और प्रमुख रणनीतियों को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि "हमारी पहल" अभियान का एक मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाना भी है, जिनमें प्रमुख हैं - परिवहन वाउचर योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, निःशुल्क साइकिल वितरण योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना। इस अवसर पर राजन चौधरी भी उपस्थित रहे । जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने युवाओं से संवाद करते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका की सराहना की एवं गर्ल्स नॉट ब्राइड्स राजस्थान स्टेट पार्टनरशिप के अंतर्गत संचालित हमारी पहल अभियान को जिला स्तर पर पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण करें- सुराणा

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में हो रहे सरदार 150 समारोह पर निकाला एकता मार्च, अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर हो रहे सरदार 150 एकता मार्च समारोह के अंतर्गत सोमवार को एकता मार्च निकाला गया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित इंद्रमणि पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, सुशील लाटा सहित अतिथियों ने सरदार पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सभी सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर अपने नागरिक दायित्वों को समझें तथा भारत को स्वच्छ, आत्मनिर्भर, सशक्त व विकसित भारत बनाएं। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति के लिए युवाओं का योगदान अहम है। हम देश और समाज के बारे में सोचें तथा नागरिक दायित्वों के समुचित निर्वहन और स्वच्छता, अनुशासन व सामाजिक सौहार्द के साथ देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लें। पुलिस अधीक्षक यादव ने भारत की आजादी में सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि हमारे महापुरुषों ने हमें स्वतंत्र भारत दिया और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अखिल भारतीय सेवाओं सहित मजबूत प्रशासनिक तंत्र भारत को दिया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा मोबाइल व नशे की लत से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। युवा नियमित रूप से एक खेल को अपनाएं तथा किताबों से स्वयं को जोड़ें। महापुरुषों के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लें और राष्ट्र के प्रति व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर जिम्मेदार नागरिक बनें। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भारत नौजवानों के कंधों पर खड़ा है। सरदार पटेल ने हमें एकता के बंधन में बांधा और संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं। अभिषेक चोटिया ने कहा कि युवा पीढ़ी सामाजिक कुरीतियों को दूर कर नशे व मोबाइल से दूर रहते हुए नागरिक कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालना करें। जिला कलक्टर सुराणा ने एकता व अखंडता बनाए रखने तथा बसंत शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत बनाने व स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। नेमीचंद जांगिड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रगुन्न शर्मा, गुंजन जांगिड़, नव्या सोनी सहित बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में नीरज जांगिड़, अनिल प्रजापत, जयपाल सिंह, इरशाद भाटी, अंकुर यादव, महेश सैनी, रजत सहित अनेक पदाधिकारियों को अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने एकता मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकता मार्च इंद्रमणि पार्क से रवाना होकर गढ़ चौराहा, मंडी चौराहा, सुभाष चौक होते हुए बागला मैदान पहुंचा। शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर एकता मार्च का जगह-जगह स्वागत किया। एकता मार्च में डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, भास्कर शर्मा, सुरेश सारस्वत, गोपाल बालाण, अख्तर खान, नरेंद्र काछवाल, रघुनाथ खेमका, डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि, सुखराम चोटिया, रामस्वरूप फगेड़िया, सूर्यकांत चोटिया सहित प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, विद्यार्थियों, माय भारत वॉलिंटियर, सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रवि दाधीच ने किया।

## स्वागत से भाव-विभोर विदेशी अतिथियों ने कहा- खूबसूरत है चूरू



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** चूरू जिला मुख्यालय पर निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आये यूएई सरकार में टेक्नोलॉजी मिनिस्टर डॉ हमद अल समसी, एएमआर ग्रुप के चैयरमैन अब्दुल रहमान सफ़ीक़, स्मार्ट गार्ड टेक्निकल सर्विस के एमडी मोना मोहम्मद ईसा मोहम्मद रविवार को चूरू आये। चूरू की धरती पर हुई अगवानी और चूरू के लोगों से मिलकर वे भाव-विभोर नजर आए और उन्होंने कहा कि यहां की धरती और यहां के लोग बेहद खूबसूरत हैं। यू ए ई पुलिस में कार्यरत याक़ूब खान चायल, वसीम अकरम एम आर ग्रुप, आसिफ़ खान एस जी टी एस, सद्दाम खान चायल ने राजस्थानी परम्परा ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्प वर्षा से रतनगढ़ रोड़ सेठानी के जोहड़ा के पास चायल परिवार ने शानदार स्वागत किया। कार्यक्रम में आमीन मंगतू खान, अयूब खान, हाजी सफी खान, मोहिदीन खान, शौकत खान, मुंशी खान, युनुस खान बहलिम, अज़ीज़ खान, हिलाल खान जयपुर, डॉ गुलाम मुस्तफा, नजीर खान ओलाई, डॉ एफ एच गौरी, कांग्रेस नेता जमील चौहान, बाबू खान मोयल, नदीम सिरोहा, शेर खान आदि ने भी विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। विदेशी मेहमानों के साथ सेल्फी लेने के लिए पुरुषोंमहिलाओं और बच्चों में काफी उत्साह रहा। विदेशी मेहमानों ने अपने स्वागत से भावविभोर होकर कहा कि यहां की संस्कृति और रहन सहन देखकर बड़ा अच्छा लगा। जब यहां के अप्रवासियों से सुनते थे आपके यहां के कल्चर के बारे में तब ऐसा लगता था ,अब यहां पर देखा तो अलग ही आनन्द की अनुभूति हुई , यह यादगार पल हमेशा हमें याद रहेंगे।

## विकास पुरूष एवं पूर्व मुख्य न्यासी स्व. श्री रतनलाल जी पारख को उनके अवतरण दिवस पर किया याद



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** श्री जैन श्वेताम्बर बाल विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय के संचालक न्यास के पूर्व मुख्य न्यासी स्व. श्री रतनलाल पारख के अवतरण दिवस पर विद्यालय प्रांगण में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. सूरजमल सुराणा, समाजसेवी घेवरचंद सुराणा की पुत्रवधू शशि सुराणा, संगीता सुराणा तथा मंजू सुराणा, प्रेमसिंह राठौड़, प्रधानाचार्य, जगदीश प्रसाद जांगिड़, प्रधानाचार्य (हिन्दी माध्यम) एवं विद्यालय कार्यकारिणी सदस्य अजय शर्मा की उपस्थिति में उन्हें उनके अनुशासित जीवन शैली, विद्यालय विकास एवं नवाचार के प्रति लालायित रहते हुए अनेक सकारात्मक एवं नवाचार विकास कार्यों की नींव रखने एवं सफल निष्पादन करने के लिए उन्हें याद किया गया। प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि स्व. रतनलाल पारख विद्यालय विकास एवं छात्र हितार्थ कार्यों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहे। उन्हीं के प्रयासों से विद्यालय में अनेक विकास कार्यों एवं गतिविधियों की नींव रखी गई तथा उनका सफलतम संपादन आज दिनांक तक किया जा रहा है, जिससे सैंकड़ों की संख्या में यहाँ अध्ययनरत विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका सैद्धांतिक एवं अनुशासित जीवन, कार्यों का समय पर संपादित होना, नवाचार तथा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य को निष्पादित करना एवं उनमें गुणात्मक पक्ष को अधिक महत्त्व देना आदि हम सभी के लिए न केवल एक दिशा-निर्देशिका है बल्कि हमारे कार्य निष्पादन में एक प्रेरणा भी है। उन्होंने बताया कि दिनांक 10 नवंबर, 2024 को उनके सुपुत्र एवं वर्तमान मुख्य न्यासी बसंत पारख द्वारा आज ही के दिन अपने परम् पूज्य पिताजी एवं पूर्व मुख्य न्यासी स्व. श्री रतनलाल पारख के अवतरण दिवस पर 'आई लव चूरू' मुहिम अंतर्गत 'पहली रोटी गाय की' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसके माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा गौ-माता हेतु लाई गई रोटियाँ, गुड़ एवं अन्य सामग्री से आज सैंकड़ों गायों को खाद्य सामग्री प्राप्त हो रही है। यह भी उन्हीं की प्रेरणा एवं पुण्य कार्यों का प्रतिफल है।

## ग्रीष्मावकाश वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सौंपा ज्ञापन




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर और जोधपुर द्वारा कर्मचारी के पक्ष में प्रथम नियुक्ति तिथि से वेतन और ग्रीष्मावकाश के वेतन व अन्य परिलाभ देने के आदेश की पालना को निस्तारित कर खारिज की गई परिवेदनाओं का सही परीक्षण कर कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निस्तारित करवाने के लिए मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मिडिया प्रभारी कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा योगेश पारीक बनाम अन्य की याचिका संख्या 35341/2009 तथा राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा राजेंद्र कुमार कड़वासरा बनाम अन्य की याचिका संख्या 11147/2020 के आधार पर कार्मिकों के पक्ष में फैसला सुनाकर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा निरंतर मानते हुए ग्रीष्मावकाश का वेतन व अन्य परिलाभ देने के आदेश दिए थे। समान प्रकरण के याचिकाकर्ताओं उम्मेदसिंह और अन्य, कमल कुमार तथा अन्य, सुरेन्द्र कुमार तथा अन्य, सत्यनारायण स्वामी तथा अन्य राकेश कुमार तथा अन्य को भी ग्रीष्मावकाश के वेतन सहित अन्य समस्त परिलाभ देने के आदेश दिए गए थे, परंतु संयुक्त निदेशक चूरू, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा, चूरू तथा प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी चूरू ने उक्त न्यायालय के आदेश का जल्दबाजी में सही परीक्षण और व्याख्या नहीं की और उच्च न्यायालय जयपुर व जोधपुर के आदेश के आधार पर प्रस्तुत समस्त परिवेदनाओं को 12 अक्टूबर 2025 को निस्तारित करते हुए खारिज कर दिया। जबकि इससे पूर्व इन्हीं अधिकारियों ने न्यायालय प्रकरणों के आधार पर प्रस्तुत 11 से अधिक परिवेदनाओं को स्वीकार कर ग्रीष्मावकाश के वेतन व परिलाभ देने के आदेश अपने कार्यालय से जारी किए थे। प्रभु दयाल सैनी ने बताया कि चूरू जिले सहित सीकर, पाली, बीकानेर, हनुमानगढ, नागौर, जालौर, अलवर सहित करीब 19 जिलों में अधिकारियों ने ग्रीष्मावकाश के वेतन व अन्य परिलाभ देने के आदेश दिए थे। फिर हमारे साथ अन्याय क्यों किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सैनी, ओमप्रकाश मारोठिया, केशर देव भाटी, विक्रम स्वामी, राजेन्द्र महर्षि, ओमप्रकाश सैनी, बाबूलाल बागड़ी, मंगलचंद सांखला, मनोज गोरसिया, अलका शर्मा, सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने नारेबाजी कर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

## संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग कर शिक्षण को बनाएं सुगम और आनंददायी - महर्षि

### महादेव जालान स्कूल में किया इंटरेक्टिव बोर्ड का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** इंटरेक्टिव बोर्ड जैसे अत्याधुनिक संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग कर अध्यापन को सुगम और आनंददायी बनाने में विद्यालय प्रबंधन की प्रमुख भूमिका है । ये विचार पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने स्थानीय महादेव जालान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंटरेक्टिव बोर्ड का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए । जिले में चल रही इंटरेक्टिव बोर्ड परियोजना के सूत्रधार राजीव उपाध्याय और योजना में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए ऐसी परियोजनाओं पर कार्य किया जाना प्रेरणादाई व अनुकरणीय है । उन्होंने कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे सद्प्रयासों के साथ भामाशाहों के सहयोग से संचालित ऐसी योजनायें विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभकारी हैं । दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास ने कहा कि रतनगढ़ ब्लॉक सौभाग्यशाली है जहां छोटे छोटे गांव ढाणियों के विद्यालयों में भी इंटरेक्टिव बोर्ड्स स्थापित किए जा चुके हैं । विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत ने कहा कि वर्तमान समय के विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप संसाधन सुलभ होना सकारात्मक सोच का सुपरिणाम है। परियोजना समन्वयक कुलदीप व्यास ने बताया कि राजकीय विद्यालय और महाविद्यालयों के लिए संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जिले में पांच करोड़ से अधिक के बोर्ड अब तक लगवाए जा चुके हैं और चूरू जिले के समस्त राजकीय महाविद्यालय इंटरेक्टिव बोर्ड से सुसज्जित हो चुके हैं । विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह व कन्हैयालाल चौमाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानाचार्य दिनेशकुमार महर्षि ने शाब्दिक स्वागत किया और भानुप्रकाश इंदौरिया ने विद्यालय विकास में सहयोग का निवेदन किया। अन्नम भारद्वाज ने सभी का आभार प्रकट किया । वैद्य लीलाधर शर्मा , सुरेन्द्र चूलेट ,निरंजन देव रूंथला , जगमोहन हारित , चंद्रप्रकाश पचलंगिया , सरोज नोहाल , ऊषा यादव , सोहनलाल आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण , दुपट्टा , साफा और सॉल ओढाकर स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन रविप्रकाश शर्मा ने किया ।

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर काम करें अधिकारी

जयपुर टाइम्स



**(निसं.) झुंझुनूं** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में झुंझुनूं जिला प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने को लेकर सजग एवं प्रतिबद्ध है। जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसका कड़ाई से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डॉ. गर्ग ने हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनके पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर मंथन किया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि सड़क सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलक्टर डॉ. गर्ग ने निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की सख्ती से पालना की जाए । उन्होंने सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई करने, राजमार्गों पर अवैध कट बंद करवाने, ट्रैफिक एड पोस्ट के संचालन को प्रभावी बनाने तथा टी-पॉइंट्स पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को हाईवे पर अवैध कट्स बंद करने करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुराने और क्षतिग्रस्त साइनेज को बदलकर नए साइनेज लगाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि राजमार्गों पर निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार स्पीड लिमिट के साइनेज लगायें जाये । कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि जिले में संचालित सभी बाल वाहिनियों (स्कूल बसों) के पीछे अनिवार्य रूप से संस्था संचालक का मोबाइल नंबर लिखा जाए, ताकि आमजन लापरवाही या दुर्घटना की स्थिति में सीधे सूचना दे सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हर स्कूल बस में परिचालक की उपस्थिति अनिवार्य रहे। कलेक्टर ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर रोकथाम के लिए टोल नाकों पर ब्रेथ एनालाइजर से नियमित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों के डिवाइडरों पर लगे पौधों की नियमित कटाई की जाए, चौराहों पर लगी झाड़ियों को छांटा जाए ताकि दृष्यता बाधित न हो, सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाए जाएं, शहर में घूमने वाले अनाधिकृत पशुओं को पकड़ा जाए, स्पीड ब्रेकरों पर पेंटिंग करवाकर उन्हें स्पष्ट रूप से दिखने योग्य बनाया जाए, सड़कों की सफेद लाइनिंग को फिर से चिन्हित किया जाए।